# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–152 । सागर, रविवार 20 जुलाई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए



ग्रामीणों ने बारिश और बाढ़ की आपदा को बनाया अवसर, जोखिम में डाल रहे जान — पृष्ठ 3
'तीज का झूला और माई का आशीर्वाद' — संवैधानिक ढंग से उठाई गई आवाज....!! — पृष्ठ 4
सोते समय अचानक भरभराकर ढहा मकान, महिला व 3 बच्चे मलबे में दबे — पृष्ठ 6
एक दर्जन से अधिक शिक्षक अनुपस्थित सभी को कारण बताओ नोटिस — पृष्ठ 7


## सार-समाचार

### ऑपरेशन सिंदूर में सेनाओं के बीच शानदार तालमेल रहा: चौहान

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के बीच शानदार तालमेल देखने को मिला। जनरल चौहान ने शनिवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज का दौरा किया। उन्होंने 81वें स्टाफ कोर्स के छात्र अधिकारियों, कॉलेज के स्थायी कर्मचारियों और वेलिंगटन के स्टेशन अधिकारियों को संबोधित किया। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर एक व्याख्यान दिया और भारतीय सशस्त्र बलों के सफल अभियानों के दौरान तीनों सेनाओं के शानदार तालमेल के महत्वपूर्ण पहलुओं का उल्लेख किया।

### ऑनलाइन सट्टेबाजी: गूगल व मेटा को ईडी का नोटिस

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स को बढ़ावा देने के आरोप में टेक दिग्गज गूगल और मेटा को नोटिस भेजा है। इन कंपनियों को 21 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी का कहना है कि इन प्लेटफॉर्म्स ने सट्टेबाजी ऐप्स को विज्ञापन के प्रमुख स्थान दिए और उनकी वेबसाइट्स को अपनी सेवाओं का जरिया बनाया, जिससे अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिला। यह जांच मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला लेनदेन जैसे गंभीर वित्तीय अपराधों से जुड़ी है।

### आप विधायक अनमोल गगन मान ने इस्तीफा दिया

**चंडीगढ़।** पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) की खरड़ सीट से विधायक अनमोल गगन मान ने शनिवार को निजी कारणों के चलते राजनीति छोड़ने की घोषणा की और विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया। गायिका से राजनेता बनीं सुश्री मान ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, मेरा दिल भारी है, लेकिन मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। विधायक पद से अध्यक्ष को दिया गया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाये। मेरी शुभकामनायें पार्टी के साथ हैं। मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

### ड्यूटी पर जा रहे जवान को कांवड़ियों ने पीटा, वीडियो वायरल, मुकदमा दर्ज

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश समेत देश के कई हिस्सों में कांवड़ यात्रा चल रही है। कई जगहों पर कांवड़ियों द्वारा मारपीट के मामले भी सामने आ रहे हैं। अब एक चौंकाने वाला वीडियो उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर से सामने आया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कांवड़िए एक वर्दीधारी जवान को पीटते नजर आ रहे हैं। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कांवड़ियों के एक समूह से वर्दीधारी जवान की कहासुनी हो गई। इसके बाद कांवड़ियों ने जवान की जमकर पिटाई कर दी। कांवड़ियों ने जमीन पर गिराकर लातों से वर्दीधारी जवान को पीटा। इस दौरान वहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, लेकिन कोई भी उसे बचा नहीं पाया।

### डीआरआई ने यात्री से जब्त की चार किलो कोकीन

**बेंगलुरु।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री से चार किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की है जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 40 करोड़ रुपए है। इस प्रकरण में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वित्त मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार एक विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

### पांडे फिर बने एनएसयूआई प्रवक्ता, बग्गा संगठन सचिव

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की छात्र इकाई भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) ने केंद्रीय संगठन और प्रदेश इकाइयों में बदलाव करते हुए श्री रवि पांडे को फिर राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त नियुक्त किया है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने हनी बग्गा को संगठन का प्रभारी सचिव, श्री निर्मल चौधरी को छात्र संगठन चुनाव का प्रभारी और श्री पांडे को फिर राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। संगठन में प्रदेश स्तर पर भी कई बदलाव हुए हैं और कई राज्यों के लिए नए सचिवों की नियुक्ति की गई है।

# ट्रंप फिर बोले, भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाई

**वाशिंगटन,( एजेंसियां )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने का दावा किया है। ट्रंप ने यह भी कहा कि मई महीने में भारत-पाकिस्तान के बीच हुई जंग के दौरान 4-5 लड़ाकू विमान मार गिराए गए। उन्होंने एक बार फिर से दावा किया कि व्यापार के नाम पर दोनों परमाणु संपन्न देशों के बीच युद्धविराम में मध्यस्थता की थी।

हालांकि व्हाइट हाउस में कुछ रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी की, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि ये लड़ाकू विमान भारत के थे या पाकिस्तान के। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'वास्तव में विमानों को हवा में मार गिराया जा रहा था। पांच, पांच, चार या पांच, लेकिन मुझे लगता है कि वास्तव में पांच जेट विमानों को मार गिराया गया।'



- भारत-पाकिस्तान संघर्ष में 4-5 जेट मार गिराए गए
- रिपब्लिकन सांसदों के साथ डिनर में की यह टिप्पणी

**भारत-पाकिस्तान ने विमान गिराने के दावे किए थे**–10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम समझौते के कुछ दिनों बाद एयर मार्शल ए.के. भारती ने कहा कि भारत ने कई उच्च तकनीक वाले पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों को मार गिराया, हालांकि उन्होंने संख्या का ज़िक्र नहीं किया। वहीं पाकिस्तान ने भारत के दावे को कमतर आंकते हुए कहा कि पाकिस्तानी वायु सेना (पीएएफ) के केवल एक विमान को मामूली क्षति हुई है। पाकिस्तान ने राफेल सहित छह भारतीय विमानों को मार गिराने का दावा किया है।

### पांच जहाजों का सच देश को जानने का हक है : राहुल

*लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पांच जहाज गिरने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे पर पीएम मोदी से जवाब मांगा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदीजी, मोदी जी, 5 जहाजों का सच क्या है? देश को जानने का हक है!*

### मानसून सत्र को लेकर इंडिया गठबंधन ने की बैठक

# संसद में सरकार से पूछेंगे तीखे सवाल

**बैठक में 20 से ज्यादा दलों के नेता शामिल हुए**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले शनिवार को इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने ऑनलाइन मीटिंग की। इसमें संसद में सरकार के खिलाफ एकजुट होकर मुद्दे उठाने की रणनीति बनी। बैठक में 20 से ज्यादा दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सीपीआई (एमएल) के नेता दीपंकर भट्टाचार्य भी मौजूद थे। नेताओं ने तय किया कि संसद में वे एकजुट रहेंगे और सरकार से तीखे सवाल पूछेंगे। बैठक में बिहार में वोटर लिस्ट की जांच, पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर, और जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से जली हुई नकदी मिलने के मामलों पर चर्चा हुई। साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाने के दावे को लेकर भी बातचीत की गई। कांग्रेस ने संसद में जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य बनाने, महिलाओं पर अत्याचार, बेरोजगारी, किसानों की परेशानी, देश की सुरक्षा और अहमदाबाद एयरक्रैश जैसे मुद्दे उठाने का फैसला किया है।

### आप के भी साथ का भरोसा

तृणमूल कांग्रेस 21 जुलाई को 'शहीद दिवस' मना रही है, इसलिए उसके नेता कोलकाता में व्यस्त थे। वहीं, आप ने कांग्रेस से कई राज्यों में सीधी लड़ाई का रास्ता चुना है और पार्टी का कहना है कि इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव तक सीमित था। हालांकि, विपक्षी नेताओं का कहना है कि संसद में विपक्ष एकजुट रहेगा, भले ही कुछ दल बैठक में न आएं।

### कल से मानसून सत्र की शुरुआत

## आज होगी सर्वदलीय बैठक

केंद्र सरकार ने संसद के मानसून सत्र को ध्यान में रखते हुए 20 जुलाई को सुबह 11 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में सभी दलों के लोकसभा और राज्यसभा के नेता शामिल होंगे। इस बैठक में मानसून सत्र में आने वाले विधेयकों और मुद्दे को लेकर सत्ता और विपक्ष के बीच आम राय बनाने की कोशिश होगी। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होने वाला है। ऐसे में सरकार सर्वदलीय बैठक के जरिए विपक्षी सांसदों को साधने का प्रयास करेगी। संसद का मानसून सत्र ऐसे समय में शुरू हो रहा है जब बिहार में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सियासत गरमाई हुई है। कांग्रेस समेत विपक्षी दल लगातार चुनाव आयोग और सरकार पर हमला बोल रहे हैं। विपक्षी दलों का कहना है कि चुनाव आयोग ने मनमानी तरीके से यह प्रक्रिया शुरू की है।

### मुख्यमंत्री ने बार्सिलोना में इंडियन डायस्पोरा एवं फ्रेंड्स ऑफ एमपी से किया संवाद, कहा-

# प्रवासी भारतीयों के साथ मध्यप्रदेश का मजबूत जुड़ाव

### टूरिज्म और मेडिकल सेक्टर में मिल रहा बड़ा प्रोत्साहन

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब केवल संभावना नहीं, बल्कि निवेश का सशक्त मंच बन चुका है। राज्य सरकार ने नीति, प्रक्रिया और प्रोत्साहन के तीनों स्तरों पर गंभीर और प्रभावी सुधार किए हैं, जिससे निवेशकों को वास्तविक लाभ और विश्वास दोनों मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब विकास और निवेश साथ-साथ चल रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विदेश में बसे भारतीय केवल नागरिक ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के संवाहक भी हैं। उन्होंने कहा कि बार्सिलोना में भारतीयों का जो अपनापन दिखा, वह उन्हें उज्जैन की अनुभूति कराता है। भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां परंपरा और पर्वों की गरिमा बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक संवाद नहीं, बल्कि हृदय से हृदय का जुड़ाव है। सरकार निवेश को केवल आर्थिक लेन-देन नहीं मानती, बल्कि उसे भावनात्मक और दीर्घकालिक भागीदारी का माध्यम मानती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बार्सिलोना में शुक्रवार को प्रवासी भारतीयों और फ्रेंड्स ऑफ एमपी के बीच आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक साख अभूतपूर्व रूप से बढ़ी है। भारत एक मात्र ऐसा देश है जो 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन उपलब्ध करा रहा है। यह भारत की क्षमताओं और व्यवस्था की शक्ति का परिचायक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि बार्सिलोना में आप सभी का उत्साह देखकर लग रहा है कि मैं उज्जैन में हूं। काउंसल जनरल श्री इनबासेकर सुंदरमूर्ति के प्रभावशाली भाषण ने दिखा दिया है कि स्पेन के प्रवासी भारतीय आज भी अपनी मिट्टी से जुड़े हुए हैं।

### मेडिकल कॉलेज के लिए 1 रुपये में जमीन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य शिक्षा के विस्तार के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। यदि कोई संस्था या निवेशक मेडिकल कॉलेज स्थापित करना चाहता है, तो सरकार 25 एकड़ जमीन मात्र एक रुपये में उपलब्ध कराएगी। इससे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों तक पहुंच सकेंगी।

### होटल प्रोजेक्ट पर 30 करोड़ तक की सब्सिडी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि टूरिज्म सेक्टर को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से होटल परियोजनाओं पर सरकार 30 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता दे रही है। यह सहायता 100 करोड़ रुपये तक की लागत वाली परियोजनाओं के लिए लागू है, जिससे प्रदेश में विश्वस्तरीय पर्यटन सुविधाएं विकसित हो सकें।

### प्रवासी भारतीयों को निवेश के लिए दिया आमंत्रण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रवासी भारतीयों से आग्रह किया कि वे केवल देखें नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश की विकास यात्रा में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल सुनती है, बल्कि हर सुझाव पर गहराई से कार्य करती है। यह प्रदेश भारत का दिल है और यहां हर प्रयास, हर संबंध का स्वागत है।

### पेट्रोल डालकर आग लगाई

## पुरी में नाबालिग लड़की को जिंदा जलाया

- तीनों आरोपी फरार
- लड़की गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराई

**पुरी, एजेंसी।** ओडिशा के पुरी में शनिवार को 15 साल की नाबालिग लड़की को तीन दरिंदों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। लड़की को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना पुरी जिले के बायाबर गांव में उस वक्त हुई जब पीड़ित लड़की अपने दोस्त के घर जा रही थी। तीन हमलावरों ने उसे रास्ते में रोका और पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना स्थल बालंगा थाने से डेढ़ किलोमीटर दूर घटी। तीनों आरोपी फरार हैं। पुलिस उन्हें तलाश कर रही है। इससे पहले, 12 जुलाई को ओडिशा के बालासोर के फकीर मोहन कॉलेज में छात्रा के साथ सेक्सुअल हैरेसमेंट का मामला सामने आया था। छात्रा ने इससे तंग आकर खुद पर केरोसिन छिड़क लिया था और प्रिंसिपल ऑफिस के बाहर खुद को आग लगा ली थी। 14 जुलाई को इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई थी।

### राज्य में अपराधी बेखौफ : पटनायक

ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि इस घटना की मुझे बेहद पीड़ा है। दिनदहाड़े एक बच्ची को जलाने की कोशिश की गई, यह बेहद डरावनी बात है। एक हफ्ते पहले ही एफएम कॉलेज की छात्रा ने न्याय न मिलने पर खुद को आग लगा ली थी। एक महीना पहले गोपालपुर में भी एक भयानक घटना हुई थी। पटनायक ने सवाल किया, 'क्या अब सरकार जागेगी? क्या अपराधियों को जल्द पकड़ा जाएगा? और क्या आगे ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए कोई ठोस कदम उठाए जाएंगे? ओडिशा की बेटियां इसका जवाब चाहती हैं।

# बालासोर के बाद अब ग्रेटर नोएडा में छात्रा ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी में एक छात्रा ने अपने शिक्षकों की प्रताड़ना नशे तंग आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। गुरुग्राम के अशोक विहार की रहने वाली ज्योति ग्रेटर नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी में दन्त चिकित्सा विज्ञान की द्वितीय वर्ष की छात्रा थी. उसने शुक्रवार को मंडेला महिला छात्रावास के अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी. साथ ही एक सुसाइड नोट भी छोड़ा, जिसमें उसने दो प्राध्यापकों को अपनी मौत का ज़िम्मेदार बताया. उसने यह भी लिखा कि उसे फर्जी हस्ताक्षर के झूठे आरोप में फंसाया गया था. जिससे वह तनाव में थी. दोनों प्रोफेसरों को निलंबित कर दिया गया है. सुसाइड नोट में ज्योति ने लिखा है - अगर मेरी मौत हुई तो इसके लिए पीसीपी और डेंटल मेडिकल के शिक्षक महेंद्र सर और शैरी मैम ज़िम्मेदार होंगे. मैं चाहती हूं कि वे जेल जायें. उन्होंने मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, मुझे अपमानित किया. मैं उनकी वजह से लंबे समय से अवसाद में हूं. मैं चाहती हूं कि उन्हें भी यही सब सहना पड़े. सॉरी, मैं अब और नहीं जी सकती. घटना की जानकारी मिलते ही नॉलेज पार्क थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम और वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया. फिलहाल मामले की जांच चल रही है. वहीं, घटना के बाद परिजनों और छात्रों ने प्रदर्शन कर न्याय की मांग की. इस दौरान पुलिस और छात्रों के बीच जमकर नोकझोंक भी हुई.

### कमरे में अकेले थी ज्योति

जानकारी के मुताबिक, ज्योति मंडेला छात्रावास की 12वीं मंजिल पर रहती थी. शुक्रवार शाम वह कमरे में अकेली थी. साथी छात्राएं बाहर गई थीं. शाम करीब 7 बजे एक छात्रा आई. उसने देखा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था. छात्रा ने पुलिस को बताया कि उसके दो बार धक्का देने से दरवाज़ा खुल गया. देखा तो ज्योति फंदे पर लटकी थी, फिर उसने वार्डन और अन्य स्टूडेंट्स को इसकी सूचना दी. छात्रों ने बताया- ज्योति पर एक फर्जी साइन करने का आरोप लगाया गया था, जिससे वह काफी परेशान चल रही थी. गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को लगातार तीन दिन उसे पीसीपी विभाग से भगा दिया गया. उसकी फाइल विभागाध्यक्ष को दी गई थी. छात्रों के अनुसार विभागाध्यक्ष ने ज्योति द्वारा फाइल पर खुद ही दस्तखत कर दिए जाने की बात कहते हुए उसके माता-पिता को बुलाने के लिए कहा था.

## पुणे में बैंक अधिकारी ने फांसी लगाकर दी जान

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती में एक राष्ट्रीयकृत बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की वजह काम का दबाव बताई गई है। बारामती थाना पुलिस ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले बैंक अधिकारी का नाम 40 वर्षीय शिवशंकर मित्रा बताया है। मौके से एक सुसाइट नोट बरामद हुआ है, जिसमें काम के दबाव में आत्महत्या करने की बात लिखी हुई है। हालांकि उन्होंने इसके लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। अधिकारी के बैंक परिसर में फांसी लगाने के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मित्रा 11 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों और कार्यभार का हवाला देते हुए बैंक के मुख्य प्रबंधक पद से इस्तीफा देने के बाद नोटिस अवधि पूरी कर रहे थे। गुरुवार को बैंकिंग समय समाप्त होने के बाद, मित्रा ने सभी कर्मचारियों को शाखा बंद करने की बात कहकर जाने को कहा। चौकीदार रात करीब 9:30 बजे चला गया। मित्रा ने पहले अपने एक सहकर्मी से रस्सी लाने को कहा था। रात करीब 10 बजे उन्होंने इसी रस्सी से फांसी लगा ली। यह घटना बैंक के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। मित्रा घर नहीं लौटे और न ही उन्होंने किसी कॉल का जवाब दिया, तब उनकी पत्नी को फिक्र हुई और वह आधी रात के करीब बैंक जा पहुंची। उन्होंने भीतर लाइट जलती हुई देखी। इसके बाद आवाज लगाई अंदर से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर, उन्होंने बैंक कर्मचारियों को सूचित किया। जब शाखा खोली गई, तो मित्रा फांसी के फंदे पर लटके हुए थे।

### चंदन मिश्रा हत्याकांड में 5 आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता,एजेंसी।** बिहार में पटना के एक अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या में शामिल पांच संदिग्ध हमलावरों को शनिवार तड़के कोलकाता के न्यू टाउन स्थित एक आलीशान आवासीय परिसर से गिरफ्तार किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। पटना पुलिस और बिहार के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की टीमों ने पश्चिम बंगाल एसटीएफ के साथ मिलकर कल पुरुलिया और न्यू टाउन इलाके में गहन तलाशी अभियान चलाया। संदिग्धों को आज सुबह न्यू टाउन के आईटी हब, साल्ट लेक स्थित एक बड़े आवासीय परिसर, शुखोबृष्टि अबासन से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार संदिग्धों से उनकी पहचान और आवासीय परिसर में आने के उद्देश्य का पता लगाने के लिए बंगाल एसटीएफ के एक केंद्र में गहन पूछताछ की जा रही है। आवासीय परिसर (शुखोबृष्टि अबासन) नौ जून, 2021 को पश्चिम बंगाल एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में पंजाब के गैंगस्टरों को मार गिराये जाने के दौरान हुयी मुठभेड़ के लिए भी जाना जाता है। इन गिरफ्तारियों के बाद परिसर के निवासियों ने सुरक्षा को लेकर आशंका और चिंता व्यक्त की है।

पटना से सीसीटीवी फुटेज की एक रिपोर्ट के अनुसार पांच सदस्यों का एक गिरोह पारस अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में घुसता हुआ देखा गया, जहां उन्होंने जमानत पर रिहा हुए एक सजायाफ्ता चंदन मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी।

### अपराध — प्रवर्तन निदेशालय का आरोप

# ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में गूगल और मेटा को ईडी का नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स को बढ़ावा देने के आरोप में टेक दिग्गज गूगल और मेटा को नोटिस भेजा है। इन कंपनियों को 21 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी का कहना है कि इन प्लेटफॉर्म्स ने सट्टेबाजी ऐप्स को विज्ञापन के प्रमुख स्थान दिए और उनकी वेबसाइट्स को अपनी सेवाओं का जरिया बनाया, जिससे अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिला। यह जांच मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला लेनदेन जैसे गंभीर वित्तीय अपराधों से जुड़ी है।

ईडी ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स के एक बड़े नेटवर्क की जांच कर रहा है। कई ऐप्स खुद को स्किल बेस्ड गेम्स बताकर अवैध सट्टेबाजी को बढ़ावा दे रहे हैं। इन प्लेटफॉर्म्स के जरिए करोड़ों रुपये की अवैध कमाई की गई, जिसे हवाला चैनलों के माध्यम से छिपाया गया ताकि जांच से बचा जा सके। ईडी ने इन ऐप्स के विज्ञापनों को गूगल और मेटा



के प्लेटफॉर्म्स पर प्रमुखता से प्रदर्शित होने का आरोप लगाया है, जिससे इनके यूजर्स बढ़े। पिछले हफ्ते, ईडी ने तेलुगु राज्यों में 29 मशहूर हस्तियों के खिलाफ कार्रवाई की। इनमें अभिनेता विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती, प्रकाश राज, निधि अग्रवाल, प्रणिता सुभाष, मंचू लक्ष्मी और अनन्या नगेला शामिल हैं।

इसके अलावा, टीवी कलाकार, होस्ट और सोशल मीडिया प्रभावशाली व्यक्तियों जैसे श्रीमुखी, श्यामला, वर्षिणी सौंदर्यराजन, वसंती कृष्णन, शोभा शेट्टी, अमृता चौधरी, नयनी पावनी, नेहा पठान, पांडु, पद्मावती, हर्षा साय और बय्या सनी यादव के नाम भी जांच में हैं। इन पर जंगली रम्मी, ए23, जीतविन, परिमैच और लोटस365 जैसे प्लेटफॉर्म्स के प्रचार का आरोप है, जो मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल हैं।

यह जांच पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट, 1867 और मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हो रही है। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में दर्ज पांच एफआईआर के आधार पर ईडी ने यह कार्रवाई शुरू की। मार्च में, साइबराबाद पुलिस ने भी विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती और प्रकाश राज सहित कई हस्तियों के खिलाफ अवैध सट्टेबाजी ऐप्स के प्रचार का मामला दर्ज किया था। हालांकि, इन हस्तियों ने सफाई दी कि वे किसी अवैध ऐप का प्रचार नहीं कर रहे थे। ईडी अब इन सभी मामलों की गहन जांच कर रहा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी में है।

# नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत पुलिस ने चलाया व्यापक जन जागरूकता अभियान



## स्कूलों, चौकियों व सार्वजनिक स्थलों पर हुए विविध कार्यक्रम

**सागर, देशबन्धु।** नशे से दूरी है जरूरी विशेष जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत 19 जुलाई जिले के विभिन्न थानों एवं चौकियों द्वारा अनेक जनहितैषी कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन कार्यक्रमों में छात्रों, शिक्षकों, आम नागरिकों तथा वाहन चालकों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया और नशामुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई। जागरूकता कार्यक्रमों में थाना खुरई ग्रामीण होली फैमिली स्कूल में थाना प्रभारी द्वारा छात्रों को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया, साथ ही यह भी कहा गया कि यदि परिवार में कोई सदस्य नशा करता है तो उसे समझायें। थाना गोपालगंज अंतर्गत चौकी शनिचरी बजरिया क्षेत्र में आमजन को एकत्र कर उप निरीक्षक नीरज जैन द्वारा नशे के दुष्प्रभाव बताये गये और नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई गई। थाना भानगढ़ में सार्वजनिक स्थलों एवं ऑटो वाहनों पर नशा विरोधी पोस्टर चस्पा किये गये एवं नागरिकों को जागरूक किया गया। थाना खिमलासा में शास. उच्च. माध्य. विद्यालय, खिमलासा में छात्रों को नशे के प्रति जागरूक किया एवं नगर में रैली निकालकर आमजन को संदेश दिया गया। थाना बरायठा में शास. हायर सेकंडरी स्कूल बरायठा में विद्यार्थियों और शिक्षकों को नशे के संबंध में जानकारी दी और अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। थाना कोतवाली अंतर्गत रेलवे स्टेशन न. 2 पर जाकर नशा मुक्ति अभियान के संबंध में लोगो को जागरूक किया। इन सभी स्थानों पर पुलिस स्टाफ द्वारा सहभागिता करते हुये विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित किया और समाज से नशे की बुराई को समाप्त करने का सामूहिक संकल्प लिया।

## स्कूली बच्चों को गुड टच-बेड टच की जानकारी दी



**सागर, देशबन्धु।** महिला एवं विकास विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों मे लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत स्कूली बच्चों को गुड टच-बेड टच की जानकारी दी गयी साथ ही समाज मे बच्चों के विरुद्ध बढ़ते हुये यौन अपराधो को देखते हुये बच्चों को संकट की स्थिति में अपनाये जाने वाले सुरक्षात्मक उपायो से अवगत करते हुये उन्हे चाइल्ड हैल्पलाइन नंबर 1098 एवं पॉक्सो ई बॉक्स के बारे में जानकारी दी, बच्चों को बाल संरक्षण से सम्बन्धित पैम्पलेट्स का वितरण किया गया। विभाग द्वारा अंकुर बाल विद्यालय रजाखेड़ी, सरस्वती शिशु मंदिर रजाखेड़ी, शास. उच्च. माध्य. शाला रजाखेड़ी, सुंदरलाल मेमोरियल स्कूल रजाखेड़ी, शास. प्राथ. शाला रजाखेड़ी, शास. प्राथ. शाला नारायणपुर एवं शास. प्राथ. शाला कजरावन शाहगढ़ एपीएम श्री स्कूल निवाही शाहगढ़, शास. प्राथ. शाला माटेलखेड़ा शाहगढ सागर आदि स्कूलों मे प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें लगभग 850 स्कूली बच्चे उपस्थित थे प्रशिक्षण कार्यशाला में स्कूली छात्र-छात्रा शिक्षक एवं महिला एवं बाल विकास विभाग से आशीष उपाध्याय, अनुराग मौर्य, अमित असाटी उपस्थित रहे।

## सचिव संघ ने पूर्व मंत्री का किया अभिनंदन



**बांदरी, देशबन्धु।** खुरई विधानसभा क्षेत्र में हुये एक पेड़ मां की नाम अभियान के तहत वृहद पौधारोपण संकल्प कार्यक्रम के सफल आयोजन उपरांत खुरई विधानसभा क्षेत्र के सचिव संघ के साथियों ने सागर कार्यालय पहुंचकर पूर्व मंत्री एवं विधायक भूपेंद्र सिंह का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। वही इस मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि सचिव संघ के सदस्यों द्वारा प्राप्त सम्मान से अभिभूत हूं, वृहद पौधारोपण का संकल्प हम सभी का साझा संकल्प था, जिसे हम सभी ने मिलकर पूरा किया और खुरई विधानसभा के लिये एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

# एसडीओपी ने छात्रों को दिए व्यक्तित्व विकास और नशामुक्त जीवन के मूल मंत्र



**बंडा, देशबन्धु।** नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बंडा प्रदीप वाल्मीकि द्वारा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बंडा में विद्यार्थियों के लिये एक विशेष संवाद सत्र आयोजित किया। इस सत्र को उन्होंने एक कक्षा विशेष का स्वरूप प्रदान करते हुये विद्यार्थियों को प्रेरक विचारों एवं व्यवहारिक जीवन से जुड़ी शिक्षायें दीं। श्री वाल्मीकि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। इसलिये हमें स्वाद के अनुसार नहीं बल्कि स्वास्थ्य के अनुसार भोजन करना चाहिये। उन्होंने खेलकूद, शारीरिक गतिविधियों, साइबर सुरक्षा के प्रति सजगता और ट्रैफिक नियमों के पालन की महत्ता पर भी बल दिया। विद्यार्थियों को उन्होंने पाठ्यपुस्तकों के साथ-साथ ललित कलाओं, साहित्य और सामान्य ज्ञान के क्षेत्र में भी रुचि विकसित करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को नशे की लत से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि नशा शब्द को उलटने पर शान बनता है और आज की युवा पीढ़ी इस झूठी शान के भ्रम में पड़कर नशे की ओर अग्रसर हो रही है। सिगरेट, शराब जैसी लतों से युवा अपना भविष्य अंधकार में डाल रहे हैं। इसलिये आवश्यक है कि छात्र जीवन में ही इस प्रवृत्ति से दूरी बनाई जाये। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई। विद्यालय प्रशासन, शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने इस सार्थक प्रयास की सराहना की और भविष्य में ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रमों की निरंतरता की अपेक्षा जताई।

## पुलिस व ग्रामीणों ने मिलकर किया पौधारोपण, नशा मुक्ति का लिया संकल्प



**देवरीकलां, देशबन्धु।** महाराजपुर थाना पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत बिजोरा स्थित शास. प्राथ. शाला में नशा से दूरी है जरूरी अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। थाना प्रभारी अजय प्रताप भदौरिया के नेतृत्व में स्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया गया तथा स्कूली बच्चों और ग्रामवासियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि नशा केवल व्यक्ति नहीं, पूरे समाज को नुकसान पहुंचाता है, इसलिये नशा मुक्त समाज की दिशा में सभी को एकजुट होना होगा। कार्यक्रम में आरक्षक ऋषभ उपमन्यु, रुद्र प्रताप बागरी, ग्राम पंचायत सरपंच नीलेश चौबे, बैंक मैनेजर, एड. आदित्य रावत, राजेंद्र ठाकुर, रीना विश्वकर्मा, जगदीश पटेल सहित ग्राम के अनेक वरिष्ठ नागरिक व अभिभावक मौजूद रहे। विद्यालय परिसर में लगाये गये पौधे और बच्चों की जागरूकता शपथ ने पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति दोनों ही लक्ष्यों की ओर सार्थक पहल की शुरुआत की। थाना प्रभारी ने ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

## कृषि उपज मंडी परिसर में हुआ वृहद वृक्षारोपण



**मालथौन, देशबन्धु।** नवीन कृषि उपज मंडी मालथौन में विधायक भूपेंद्र सिंह द्वारा नियुक्त भीकम सिंह यादव को कृषि उपज मंडी में विधायक प्रतिनिधि बनाया गया। मंडी कर्मचारियों ने प्रतिनिधि भीकम सिंह यादव का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। इसके उपरांत मंडी परिसर में पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत मंडी परिसर में वृहद पौधारोपण किया। इस अवसर भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह, नपाध्यक्ष जयंत सिंह बुन्देला, रावराजा राजपूत, आशीष पटैरिया, पुष्पेंद्र सिंह तोमर, योगेश कठरया, बलवीर सिंह राजपूत, वीरसिंह यादव, सुरेन्द्र जैन, सहित मंडी सचिव, स्टाफ सहित अनेक लोगो ने सहभगिता की।

## छात्रा की सर्पदंश से मौत, घर में परिजनों के साथ सो रही थी छात्रा

**शाहगढ़, देशबन्धु।** लुडयारा गांव अपने घर में परिवार के साथ सो रही छात्रा को सांप ने डस लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। शाहगढ़ थाना क्षेत्र के लुडयारा गांव निवासी कालुका अहिरवार की बेटी 16 वर्षीय सोना शुक्रवार रात जमीन पर मां बहिन और भाईयों के आदि परिवार के साथ गद्दे बिछाकर सो रही थी। रात करीब दस बजे कंबल ओड़े सोना को कुछ आभास हुआ तो और देखा तो सांप रेंगता हुआ कमरे में कहीं छिप गया, सोना ने सांप के होने की परिजनों को जानकारी दी। परिवार के सभी सदस्यों को सांप से सुरक्षित होना बता रही सोना भी करीब दो घंटे तक सांप की खोजबीन में साथ देती रही इसी दौरान कोने में छिपे सांप को सभी ने मार दिया। इधर सांप के जहर का असर दो घंटे बाद सोना पर दिखाई देने लगा, परिजनों ने देखा तो सोना पैर में सांप के काटने के निशान मिले। फौरन ही निजी वाहन से शाहगढ़ अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर इलाज हुआ लेकिन सोना की आवाज धीरे-धीरे बंद होने लगीं तो चिकित्सक ने शनिवार की सुबह करीब साढ़े तीन बजे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन परिजन उसे झड़फूक कराने बगाज माता मंदिर ले गये, वहां भी कोई सुधार नहीं हुआ तो टीकमगढ़ जिला अस्पताल ले गये, वहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। छात्रा शाहगढ़ के माडल स्कूल में कक्षा दसवीं में अध्यनरत थी। शाहगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम क बाद शव परिजनों को सौंप दिया और मामला जांच में लिया।

## कवि मदन लाल की स्मृति में कवियों ने किया कवि सम्मेलन का आयोजन



**बीना, देशबन्धु।** शहर के प्रसिद्ध कवि मदन लाल चौबे की स्मृति में शहर के कवियों द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में शामिल कवियों ने एक से बढ़कर एक कवितायें सुनाईं। इससे पहले सभी ने दिवंगत कवि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कवि सम्मेलन का शुभारंभ मूलचंद सेन ने मां सरस्वती की रचना सुना कर किया। कवि महेंद्र अभागा ने कविता पाठ करते हुये कहा साड़ू भैया को स्वागत, साली तीन महीना से घर में रे रई..। शैलेंद्र दबंग ने कहा जो गौ मां का संरक्षण न करें ऐसी सरकार छोड़ दो, या गाय को माता कहना छोड़, रामस्वरूप पाल ने भ्रूण हत्या पर रचना सुनाकर सभी को द्रवित कर दिया। देवेंद्र तिवारी ने कहा देख रहे हो भोलेनाथ, दुनिया कितनी बदल गई है। सत्य शराफत और सभ्यता पूरी निकल गई है। उदय आचवल ने कहा वह रुकता भी नहीं है, वह थकता भी नहीं है, एक कतरा भी अपने पास रखता नहीं है। कवि इरफान पठान ने देशभक्ति मां और सामाजिक सद्भावना पर अपनी शायरी सुनाई। सीताराम चौरसिया ने तुम काव्य प्रतिभा के धनी, लेखनी के प्रतीक थे, सब मानते अपना तुम्हें तुम, सबके मीत थे। रामस्वरूप सन्मति ने महंगाई पर जमकर व्यंग कसा। श्रुति शुक्ला ने कहा हमने सबने और आपने, पड़ी एक ही गाथा, जन गण मन अधिनायक जय है भारत भाग्य विधाता। इसके अलावा सुरेश कुमार चौबे, ललित कुमार चौबे, मनीषा शुक्ला कविता पाठ किया। इसके अलावा में मुख्य अतिथि धर्माधिकारी दशरथ लाल पुरोहित ने अपनी बात रखी। इस अवसर पर आशीष शुक्ला, मुरारी गोस्वामी, राजेंद्र उपाध्याय, अनिल पटेरिया, प्रदीप तिवारी, सुनील सिरोठिया, दीपक पस्तौर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों को किया जागरूक



**सागर, देशबन्धु।** जिले में संचालित विशेष जन जागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी के तहत शास. उच्च. माध्य. विद्यालय बमोरी भीका में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा विद्यालय पहुंचकर छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी एवं उन्हें नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। पंपलेट वितरित किये गये, साथ ही कार्यक्रम की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गई। लगभग 200 छात्र-छात्रायें एवं विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहेंगे और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में थाना सिविल लाइन से उप निरीक्षक मनीषा तिवारी, वीएस कारोलिया एवं स्कूल प्राचार्य सविता मिश्रा एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## नगर परिषद राहतगढ़ द्वारा तोड़ा गया जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवन



**सागर, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी अशोक सेन एवं तहसीलदार व मुख्य नपा अधिकारी निर्मल सिंह राठौर के मार्गदर्शन में अतिक्रमण दल द्वारा जेसीबी मशीन की सहायता से शनिचरा बाजार शिफा मेडिकल के सामने बने जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवन को नायब तहसीलदार राजकुमार शुक्ला तथा नगर परिषद के इंजी. आकाश जैन की मौजूदगी में गिराया गया। लगातार हो रही बारिश के दौरान किसी प्रकार की जनहानि ना हो इसलिये मकान गिराया गया ज्ञात हो पूर्व में नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा शासन निर्देशानुसार जर्जर एवं क्षतिग्रस्त मकान का निरीक्षण कर उन्हें चिन्हित कर लाल स्याही से क्रॉस का निशान लगाकर संबंधित मकान मालिकों को नोटिस जारी कर भवनो की मरम्मत करने एवं मकान खाली करने हेतु हिदायत दी गई है। उक्त कार्यवाही के दौरान सतीश सिलावट, पुष्पेंद्र राजपूत, असरफ खान एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहें।

## प्रमुख पेन्शनर्स एसोसिएशन 22 जुलाई को प्रदर्शन कर सौंपेगा ज्ञापन

**सागर, देशबन्धु।** प्रमुख पेन्शनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय आव्हान पर 22 जुलाई को पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर स्थित श्री सकंट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में पेन्शनरों की सभा होगी। ततपश्चात प्रदर्शन कर एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में राज्य बटवारे की धारा 49/6 को समाप्त करने जनवरी 2025 से बकाया मंहगाई भत्ता 2 प्रतिशत को देय दिनांक से स्वीकृत करने और बकाया एरियर्स के भुगतान आदि मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम का ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपा जायेगा। इस प्रदर्शन में मप्र राज्य विद्युत मण्डल पेन्शनर एसोसिएशन सहित अन्य संगठन भी शामिल होगे। एसोसिएशन के महामंत्री अध्यक्ष हरिओम पाण्डेय, संभगीय अध्यक्ष ब्रजबिहारी उपाध्याय, मीडिया प्रभारी प्रवक्ता सुदामा प्रसाद रैकवार, अरविंद चौबे, मुन्नालाल सेन, बीडी साहू, राजू स्वर्णकार, एनके श्रीवात्री, विजय मिश्रा आदि ने समस्त पेन्शनरों एवं पदाधिकारियों से अपील की है कि 22 जुलाई को दोपहर 3 बजे उपस्थित हो।

## गढ़ाकोटा का रहस मेला मप्र के वार्षिक कला पंचांग में शामिल

**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गढ़ाकोटा में की गई घोषणा के आधार पर गढ़ाकोटा जिला सागर में प्रति वर्ष आयोजित होने वाले सांस्कृतिक रहस मेले का संचालन संस्कृति विभाग के माध्यम से स्थाई रूप से किया जायेगा। विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक कला पंचांग में गढ़ाकोटा जिला सागर में आयोजित होने वाले रहस मेले को सम्मिलित कर लिया गया है।

## कुत्ते के भौंकने पर पड़ोसियों में विवाद, लाठी-डंडों से हमला

**बीना, देशबन्धु।** प्रताप वार्ड में शनिवार को कुत्ते के भौंकने को लेकर दो पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी बाद में झगड़े में बदल गई। दरअसल दीपक पटेल नामक युवक का पालतू कुत्ता लगातार भौंक रहा था, जिससे पास में रहने वाले छोटू बाल्मीकि नाराज हो गये। उन्होंने इसका विरोध किया, तो दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। कुछ देर बाद छोटू के घर के लोग भगवान दास, शेरू और बॉबी भी मौके पर पहुंच गये। चारों ने मिलकर दीपक पटेल के परिवार पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले में दीपक 35, बड़े भाई पूरन पटेल 50 और विजय पटेल 25 घायल हो गये। तीनों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल बीना ले जाया गया। हालत ज्यादा खराब होने पर विजय को सागर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। झगड़े की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि छोटू बाल्मीकि और उसके साथियों पर मारपीट और दूसरी धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है, जांच जारी है।

## सार्वजनिक वितरण प्रणाली में चावल की जगह गेहूं की मात्रा बढ़ाएं: राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र हितग्राहियों को दिये जा रहे खाद्यान्न में चावल की जगह गेहूं की मात्रा बढ़ा दी जाये। श्री राजपूत ने कहा कि मप्र में चावल की जगह गेहूं का उपयोग बहुतायत में होता है। समय-समय पर यह देखने में आता है कि कुछ व्यापारी हितग्राहियों को प्रलोभन देकर उनसे औने-पौने दाम में चावल खरीद लेते है, जिससे बाजार में दुरूपयोग की घटनायें सामने आती हैं। इस समस्या के समाधान के लिये मप्र में पात्र हितग्राहियों को दिये जाने वाले खाद्यान्न में गेहूं की मात्रा बढ़ाया जाना हितकारी होगा। मंत्री राजपूत ने यह सुझाव नई दिल्ली में केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात में दिया। श्री राजपूत ने केन्द्रीय खाद्य मंत्री श्री जोशी को मप्र में उपार्जन केंद्रों में सुविधाओं के विस्तार और गुणवत्ता सुधार के संबंध में किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। केन्द्रीय खाद्य मंत्री से चर्चा के दौरान खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश में विकेन्द्रीयकृत उपार्जन योजना के तहत समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं में से सरप्लस मात्रा उपार्जन अवधि के पश्चात् गोदामों से सी.मोड में भारतीय खाद्य निगम को प्रदान की जाती है। वर्ष 2021-22 के लिये 2.89 प्रति क्विंटल लोडिंग एव हेण्डलिंग व्यय की स्वीकृति नहीं की गई थी। इसके पश्चात् भारतीय खाद्य निगम द्वारा गोदामों से उठाव किये गये गेहूं की लोडिंग एवं हेण्डलिंग व्यय की राशि अभी तक स्वीकृत नहीं की गई है, जिसे शीघ्र जारी किया जाये। श्री जोशी से मुलाकात के दौरान खाद्य मंत्री राजपूत ने बताया कि समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न उपार्जन करने वाली सहकारी संस्थाओं को गेहूं एवं धान के उपार्जन पर मिलने वाले कमीशन में 2013 के बाद से कोई वृद्धि नहीं की गई है, जबकि अन्य राज्यों को कमीशन मद में अधिक राशि का भुगतान किया जा रहा है। समितियों को उपार्जन कार्य में हो रहे व्यय की प्रतिपूर्ति न होने से हो रही हानि से अवगत कराते हुये खाद्य मंत्री राजपूत ने केन्द्र सरकार से उपार्जन पर कमीशन की राशि 43 रूपये प्रति क्विंटल किये जाने का अनुरोध किया। केन्द्रीय खाद्य मंत्री ने इस पर अधिकारियों से चर्चा कर जल्द राशि बढ़ाये जाने का आश्वासन दिया। श्री राजपूत ने उपार्जन केन्द्रों पर खाद्यान्न की भराई, तुलाई, छापा एवं लोडिंग कार्य के लिये गेहूं और धान पर 17.72 रूपये लेबर व्य्य का भुगतान 23 रूपये प्रति क्विंटल बढ़ाये जाने का अनुरोध किया।

## नशे से दूरी है जरूरी आम नागरिकों को दिलाई नशामुक्त रहने की शपथ



**मालथौन, देशबन्धु।** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत थाना पुलिस ने एक जागरूकता कार्यक्रम बस स्टैंड परिसर में आयोजित किया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी अशोक यादव ने आम नागरिकों, यात्रियों से सवांद कर नशे से दूरी है जरूरी के तहत जागरूकता, नशे से दूसरे रहने की सलाह दी। इस दौरान नशे की लत से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिये नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार, समाज और भविष्य को भी अंधकार में धकेल देता है। पारिवारिक, आपसी झगड़ो को पैदा कर रहा हैं। इस अवसर पर आम नागरिकों को नशे से सदैव दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

## सार समाचार

### नाला की लड़ाई खूनी संघर्ष में बदली, दबंगों ने बेरहमी से पीटा

**बमीठा, देशबन्धु।** एक दबंग के परिवार ने नाले पर अवैध रूप से अतिक्रमण करके घर बना लिए, जिससे बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया। इसे लेकर वार्ड के लोगों और दबंगों के बीच कहासुनी की लड़ाई अब खूनी संघर्ष में बदल गई है। दबंगों ने लोगों को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया है। लोगों ने बताया सतीश मिश्रा ने दबंगों द्वारा वार्ड के नाला पर अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायत की गई थी। जब सतीश मिश्रा अपने घर जा रहा था तभी डॉ अरविन्द्र उपाध्याय और उसके भाई सुनील उपाध्याय ने रास्ता में रोककर सतीश मिश्रा को बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। बता दें कि बमीठा में खजुराहो रोड़ एवं पन्ना रोड़ के पुलियों के सामने वाले नाले बंद होने से वार्ड में रहने वाले 50 दलितों सहित अन्य लोगो के घरों में बरसात का पानी घुस गया था। बरसाती नाले पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान निर्माण कर लिए। इस कारण घरों में पानी भरने से कई दिनों तक चूल्हे नहीं जले थे। इसकी शिकायत जनसुनवाई में की गई थी इसी बात से गुस्साए दबंगों ने सतीश मिश्रा पर हमला कर उसे मारमार कर लहूलुहान कर दिया है। पुलिस ने सतीश मिश्रा की रिपोर्ट पर दो लोगों पर मामला दर्ज किया है।

### मोबाइल की चाहत ने नाबालिग को बनाया चोर

**बकस्वाहा, देशबन्धु।** बच्चों में बढ़ती स्मार्टफोन की लत, उन पर किस तरह हावी हो रही है, इसका उदाहरण जिले के बकस्वाहा से सामने आया है। यहां एक 15 वर्षीय लड़का, मोबाइल की चाहत में चोर बन गया है। करीब एक सप्ताह पहले लड़के ने बम्होरी बस स्टैंड पर स्थित चौरसिया मोबाइल दुकान में सेंधमारी कर दो नए और पांच रिपेयरिंग वाले मोबाइल फोन चोरी किए थे। जांच के बाद पुलिस ने नाबालिग आरोपी को पकड़ लिया है। बताया गया है दुकानदार पुरुषोत्तम चौरसिया की शिकायत पर बम्होरी चौकी प्रभारी बीरेंद्र परस्ते ने मामला दर्ज किया था। बकस्वाहा पुलिस और साइबर सेल ने संयुक्त कार्रवाई में मोबाइलों को ट्रैक कर मझगुवांघाटी से एक नाबालिग को हिरासत में लिया। पूछताछ में किशोर ने बताया कि, मेरे पास फोन नहीं था, इसलिए रात 12 बजे पैदल दुकान पहुंचा, ताला तोड़ा, और सुबह 4 बजे मोबाइल लेकर घर लौटा। पुलिस ने सभी चोरी गए मोबाइल उसके घर से बरामद कर लिए हैं।

### बारिश थमने के बावजूद जनजीवन अस्त व्यस्त, लोग हो रहे परेशान

# ग्रामीणों ने बारिश और बाद की आपदा को बनाया अवसर, जोखिम में डाल रहे जान







**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के गौरिहार कस्बे से सटे ग्राम खड़ी में लगभग 48 घंटे हुई भारी बारिश तो शुक्रवार की शाम थम गई लेकिन जिले के अलग-अलग इलाकों में जनजीवन अब भी अस्त-व्यस्त बना हुआ है। कुछ लोग इस आपदा को अवसर बनाकर अपनी जान भी जोखिम में डालने से बाज नहीं आ रहे हैं।

ग्राम खड्डी के एक मार्ग के ऊपर से पानी का तेज बहाव है। चूंकि यह मार्ग उत्तरप्रदेश के शहरों की ओर जाता है इसलिए बड़ी संख्या में लोग यहां से आवागमन करते हैं। इसी का फायदा उठाकर स्थानीय लोग अपनी जान जोखिम में डालकर राहगीरों और उनके वाहनों को पैसे लेकर नदी पार करवा रहे हैं। बताया गया है कि पुल पर दो फीट से अधिक पानी का तेज बहाव जारी है, इसके बावजूद लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे हैं। प्रशासन की अनुपस्थिति का फायदा उठाते हुए स्थानीय लोगों ने इसे कमाई का जरिया बना लिया है। एक राहगीर अजय सिंह ने बताया कि तेज बहाव के बावजूद मजबूरी में लोग नदी पार कर रहे हैं। प्रशासन की गैरमौजूदगी से जहां लोग स्वयं जोखिम उठा रहे हैं, वहीं दूसरों की जान को भी खतरे में डाल रहे हैं। कुछ लोगों ने इसे कमाई का जरिया भी बना लिया है।

### नहर बनीं गौरारी गांव की गलियां, दर्जनों मकान ध्वस्त

**महाराजपुर, देशबन्धु।** तहसील क्षेत्र के ग्राम गौरारी की गलियां इस समय नहर बन गई हैं। घरों में पानी घुसने से करीब दो दर्जन मकान ध्वस्त हो गए और सामान बर्बाद हो गया ाल है। लगातार बारिश के कारण गलियों और घरों में जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त हैं। मकानों में पानी घुसने से सामान खराब हो गया और मवेशियों के लिए चारा व ठिकाने की समस्या पैदा हो गई।

पीड़ित दीनदयाल, भगत बरार, हरिश्चंद्र, गौरी शंकर बरार, आसाराम कुशवाहा, राजेंद्र सिंह यादव, सीताराम यादव, सीमा पाल, सरला पाल, भूपेंद्र यादव, कंदीलाल आदि ने बताया कि उनके मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए हैं, खाने-पीने का सामान, बर्तन, अनाज तक बर्बाद हो गया है। वहीं गांव के प्रधान झल्लू कुशवाहा ने प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद हल्का पटवारी अंकुर पांडे, पंचायत के रोजगार सहायक नंदलाल पाल, सरपंच प्रतिनिधि पुत्तीलाल कुशवाहा ने क्षतिग्रस्त मकानों का निरीक्षण किया। पीड़ितों को क्षतिग्रस्त मकानों से दूर रहने की सलाह दी गई है और धर्मशाला तथा स्कूल में परिवारों के ठहरने की व्यवस्था की गई हैं।

### सरसेड़ में कई कच्चे मकान ध्वस्त, ग्रामीण बेघर

**हरपालपुर, देशबन्धु।** ग्राम सरसेड़ में बारिश ने भारी तबाही मचाई है। आधा दर्जन से अधिक परिवारों के कच्चे मकानों की छतें और दीवारें ढह गईं, जिससे ग्रामीण खुले आसमान के नीचे जीने को मजबूर हैं। पीड़ित परिवारों ने शासन-प्रशासन से तत्काल मदद की गुहार लगाई है। ग्राम पंचायत सरसेड़ में पंचू कुशवाहा, बालादीन भदोरिया, फूलचंद्र भदोरिया, कमलेश भदोरिया, काली चरण कोरी, और जितेंद्र सिंह के मकानों की छतें और दीवारें शुक्रवार सुबह ढह गईं। पीड़ितों ने बताया कि दो-तीन दिन की बारिश से पहले छतों से पानी टपकना शुरू हुआ, और शुक्रवार को अचानक मकान गिर गए। गनीमत रही कि हादसे के समय कमरों में कोई मौजूद नहीं था। ग्राम पंचायत परेथा में जगभान अहिरवार, फूलवती राजपूत, हजारी, रामकृपाल, और चतुर्भुज पटेल का कच्चा मकान ढह गया, जिसमें चतुर्भुज घायल हो गए। ग्राम पंचायत गलान में मूलचंद यादव और कराठा पंचायत के पपटुआ गांव में हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, कुकरेल गांव में दुग्गन पाल के मकान भी बारिश में ध्वस्त हो गए। पीड़ित परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं और मकान मरम्मत के लिए संसाधनों का अभाव है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक कोई प्रशासनिक अधिकारी नुकसान का जायजा लेने नहीं पहुंचा। नौगांव एसडीएम जीएस पटेल ने बताया कि पटवारियों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजकर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया गया है। प्रशासन ने पीड़ितों को जल्द राहत देने का आश्वासन दिया है।

### दीनदयाल रसोई को चोरों ने बनाया निशाना

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के मेला ग्राउंड में स्थित दीनदयाल रसोई को बीती रात अज्ञात चोर ने निशाना बनाया है। रसोई प्रबंधन समिति के सदस्य विपिन अवस्थी ने बताया रात करीब पौने तीन बजे एक व्यक्ति रसोई परिसर की बाउंड्री फांदकर अंदर दाखिल हुआ। इसके बाद रसोई का ताला तोड़कर अंदर घुसा, जहां से उसने डीवीआर, टीवी, जियो फाइबर मॉडम और डोनेशन बॉक्स सहित 80 से 90 हजार रुपये का सामान चुरा लिया। पुलिस ने मौके का मुआयना करके जांच शुरु कर दी है। जो सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं, उनमें दिख रहे व्यक्ति का चेहरा स्पष्ट नहीं है।

### रेल्वे ट्रैक पर मिला विकलांग का शव, ट्रेन से गिरने का संदेह

**छतरपुर, देशबन्धु।** दो दिन पहले शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ढड़ारी ओवर ब्रिज के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात विकलांग का शव मिला था, जिसकी शिनाख्त हो चुकी है। प्रथम दृष्ट्या यह मामला चलती ट्रेन से गिरने का प्रतीत हो रहा है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान बलराम पुत्र टीकाराम रैकवार 33 वर्ष निवासी नूरपुर थाना त्योंदा जिला विदिशा के रूप में की गई है। जो दाहिने पैर से विकलांग होने से बैसाखी के सहारे चलता था। बताया गया है मृतक भिक्षावृत्ति से गुजारा करता था। बुधवार को वह अपने जीजा नारायण, प्रकाश और भतीजे अजय के साथ उत्तरप्रदेश के ललितपुर स्टेशन से छतरपुर जिले के एक तीर्थ स्थल पर जाने के लिए सवार हुआ था। रात के वक्त जब बलराम के साथ आए लोग सो गए, तभी वह लापता हो गया था। बाद में उसकी तलाश भी की गई लेकिन कुछ पता नहीं। गुरुवार की सुबह ईसानगर-छतरपुर रेलवे स्टेशन के बीच ढड़ारी ब्रिज के पास एक शव मिला। पुलिस ने काफी जांच-पड़ताल की और बलराम के जीजा नारायण से संपर्क कर उन्हें छतरपुर बुलाया। नारायण ने बताया शुक्रवार की रात को पुलिस के माध्यम से उन्हें सूचना मिली थी, जिसके बाद वे छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचे और शव की शिनाख्त की। सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मिक चौबे ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## अस्पताल में आवारा कुत्तों का डेरा, जिम्मेदार मौन



**हरपालपुर, देशबन्धु।** नगर के सरकारी अस्पताल में आवारा कुत्तों का घुसकर डेरा जमा लेना प्रबंधन की लापरवाही का नमूना बना है।

अस्पताल में घूमने और आराम से सोने वाले कुत्तों से मरीजों और अस्पताल के कर्मचारियों के लिए खतरा बन गए हैं। शनिवार की दोपहर 12 बजे के लगभग एक अस्पताल परिसर की बिल्डिंग में आवारा कुत्ते आराम फरमाते हुए कैमरे में कैद हुए है। ये प्रबंधन की कार्यशैली ओर बड़ा सवाल है। अस्पताल के कर्मचारियों का कहना है यहां आकर घूमने वाले कुत्तों को नियंत्रित करने में मुश्किल हो रही है। यह स्थिति सरकारी अस्पताल की स्वच्छता और सुरक्षा के लिए बड़ी समस्या है। मरीजों का कहना है अस्पताल में घूमने वाले आवारा कुत्ते मरीज और उनके परिजन के लिए कभी भी खतरनाक हो सकते हैं, और काट भी सकते हैं। इसे लेकर मरीज को डर महसूस हो रहा है। खासतौर से कमजोर और बीमार मरीजों के लिए यह स्थिति और भी खतरनाक हो सकती है। वही अस्पताल के कर्मचारियों की मानें तो उनके लिए अस्पताल से आवारा कुत्तों को बाहर निकलने, इन्हें नियंत्रित करने में कठिनाई हो रही है। इससे न केवल मरीज असुरक्षित हैं,बल्कि कर्मचारियों का काम भी मुश्किल हो गया है।

## राधेपुर में 2 पक्षों में जमकर चली लाठियां, कई लोग घायल



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम राधेपुर में शुक्रवार को दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठियां चली, जिससे दोनों पक्षों के एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

राधेपुर निवासी धनप्रसाद यादव ने बताया सुबह वे दूध देकर घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में आरोपियों ने उन्हें रोका और मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने बताया उन पर चुनावी रंजिश को लेकर हमला किया गया है। मारपीट में धनप्रसाद के पक्ष से घायल होने वालों में उसके अलावा राकेश यादव, नारायणदास यादव, रूप सिंह, भागीरथ, जगतराज यादव, भान सिंह यादव सहित एक अन्य शामिल हैं।

वहीं दूसरे पक्ष के अवधेश यादव ने बताया कि पाल और यादव समाज के बीच विवाद था, जिसमें उनका कोई लेना-देना नहीं था, फिर भी उनके साथ मारपीट की गई। उन्होंने दावा किया कि आरोपियों में से किसी ने हवाई फायर भी किया है।

इस पक्ष से घायल होने वालों में अवधेश यादव के अलावा, प्रमोद पाल, लक्ष्मी पाल, काशी यादव, मुन्ना यादव, राजकिशोर यादव, दीपेंद्र यादव सहित एक अन्य शामिल हैं।

## कियोस्क संचालक पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोप



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में एक कियोस्क बैंक संचालक द्वारा दर्जनों लोगों के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शनिवार को पीड़ित उपभोक्ताओं ने विधायक को ज्ञापन देकर समस्या सुनाकर रुपए वापिस दिलाने की मांग की है।

सीताराम कॉलोनी निवासी जगदीश अनुरागी ने बताया कियोस्क संचालक अरविंद रैकवार निवासी बगौता तिराहा ने करीब 40 लोगों के खातों में जमा रकम फर्जी तरीके से निकाल ली है।

पहले कियोस्क संचालक पैसे वापिस लौटने की बात कह रहा था लेकिन अब कई दिनों से वह लापता है। पीड़ितों ने बताया कि उनके साथ धोखाधड़ी की गई, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है।

वहीं विधायक ललिता यादव ने आश्वासन दिया कि वे मामले की जांच करवाएंगी, इसके लिए उन्होंने बैंक और पुलिस से बात की है। विधायक ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## भाषा का अस्तित्व लिपि पर निर्भर, दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लिपि देवनागरी है : प्रो. सिन्हा



**छतरपुर, देशबंधु।** शनिवार को महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में हिंदी भाषा की विशेषताएं विषय पर कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में कवि व आलोचक सेवा निवृत्त प्राध्यापक प्रो. सुरेंद्र कुमार सिन्हा ने 'भाषा' पर विचार रखते हुए कहा कि भाषा हमारे अंतरात्मक विचारों और भावों का उद्धार होती है। हिंदी भाषा पर हमें गर्व की अनुभूति होती है।

प्रो सिन्हा ने हिंदी भाषा दुनियां में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। उन्होंने बताया हिंदी ही एकमात्र भाषा है, जो सामासिक संस्कृति और विभिन्न भाषाओं के शब्दों को आत्मसात करने की शक्ति रखती है। हिंदी भाषा विभिन्न भाषाओं, बोलियों का समयानुसार समावेश करके एक राष्ट्रभाषा के रूप प्रकट हुई है। उन्होंने कहा हमें अपनी भाषा, संस्कृति पर गर्व और सम्मान करना चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी भाषा के मूल स्तंभों पर चर्चा करते हुए स्वर, व्यंजन के सभी प्रकारों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। इसके पूर्व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण व सम्मूख दीप प्रज्वलन से किया गया। स्वागत के क्रम में मुख्य अतिथि प्रो. सुरेंद्र कुमार सिन्हा का स्वागत प्रो. ऊषा शुक्ला ने किया। मंचासीन प्राध्यापको का क्रमवार स्वागत किया गया। प्रो. उषा शुक्ला का स्वागत नेहा अनुरागी ने, प्रो. गायत्री बाजपेई का स्वागत सुरेखा अहिरवार ने और प्रो. बहादुर सिंह परमार का स्वागत छात्र पार्वती द्वारा किया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ जेपी अहिरवार का स्वागत अंशिका तिवारी ने और दिव्यांश खरे का स्वागत छात्र अजय कुशवाहा ने किया। कार्यशाला का संचालन शोधार्थी कल्याण ने किया। अंत मे आभार प्रो.बहादुर सिंह परमार ने जताया।

## जैविक नियंत्रण प्रभावी समन्वित कीट प्रबंधन का एक मूलभूत घटक है : डॉ. निरंजन



**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र में कुलगुरु प्रोफेसर शुभा तिवारी के निर्देशन में एवं प्रोफेसर अर्चना जैन के संयोजन में चल रही सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ मुकेश कुमार निरंजन के मुख्य आतिथ्य में हुआ द्य

मुख्य वक्ता डॉ मुकेश कुमार निरंजन, सहायक प्राध्यापक जूलॉजी, पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस नौगांव का पुष्पगुच्छ भेंटकर डॉ अर्चना जैन डीन ऑफ फैकल्टी ऑफ़ साइंस एवं विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र ने किया। मुख्य वक्ता डॉ निरंजन ने अपने वक्तव्य में कीट प्रबंधन के बायोलॉजिकल कंट्रोल को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जैविक नियंत्रण प्रभावी समन्वित कीट प्रबंधन का एक मूलभूत घटक है, क्योंकि यह जैव विविधता, मानव स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी तंत्र की अखंडता की रक्षा करता है। यह एक किफायती और पर्यावरण के अनुकूल रणनीति है, जो सतत कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ अपर्णा प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में समन्वयक डॉ एसपी अहिरवार, प्रो अर्चना चौहान, अनामिका पांडे, दीपाली शर्मा, हृदेश धातरा, संतोष सिंह, कुमकुम चौरसिया, दीपा बाजपेई, प्रिया वर्सइया, मनीषा तिवारी, महाराजपुर से डॉ जीएस अर्गल समेत अन्य प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### ट्यूशन पढने गए बच्चे का पानी की टंकी में मिला शव

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के देरी रोड पर शिव नगर कॉलोनी में बीती शाम एक 6 वर्षीय बच्चे की घर के बाहर बनी पानी की टंकी में डूबने से मौत हो गई। बच्चा ट्यूशन पढने के लिए घर से निकला था। मृतक की पहचान हिमांशु विश्वकर्मा 6 वर्ष पुत्र राममिलन के रूप में कई गई है। राममिलन ने बताया उनका पुत्र कक्षा एक में पढ़ता था। शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे वह मोहल्ले के ही एक शिक्षक के घर ट्यूशन पढने के लिए गया था। साढ़े 5 बजे तक जब घर वापिस नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। घर के बाहर बनी पानी की टंकी के पास उसका स्कूल बैग मिला। टंकी में डंडे से तलाश करने पर बच्चे की चप्पल ऊपर आई जिसके बाद पानी के अंदर से उसका शव मिला। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस पर लगे अमानवीय तरीके से मारपीट के आरोप, भीम आर्मी ने दिया धरना



***छतरपुर, देशबन्धु।*** *नौगांव पुलिस पर आदिवासी युवकों के साथ अमानवीय मारपीट और अपमानजनक व्यवहार के गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़ितों ने चोरी के शक में बिना सबूत गिरफ्तारी, बेरहमी से पिटाई और गुप्तांग में मिर्च डालने जैसे क्रूर कृत्यों का दावा किया है। शनिवार को भीम आर्मी के साथ मिलकर पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर धरना देकर जांच व कठोर कार्रवाई की मांग की है।*

*नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मपुरा निवासी प्रताप आदिवासी ने बताया कि गांव के ज्यादातर आदिवासी परिवार झाडू बनाकर बेचने का काम करते हैं। प्रताप के मुताबिक गत 15 जुलाई की शाम करीब साढ़े 7 बजे वह गांव के श्रीराम, रितु, मीरा और बालंदी आदिवासी के साथ शिकारपुरा रोड पर था, तभी नौगांव पुलिस ने उन्हें पकड़ा और थाने ले गई। इसके बाद रात 10:30 बजे पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया था। अगले दिन 16 जुलाई को सुबह 10 बजे एक फिर पुलिस ने उन्हें थाने बुलाया और रात 11 बजे तक हिरासत में रखा। प्रताप के मुताबिक 17 जुलाई की दोपहर 12 बजे पुलिस ने उसके साथ श्रीराम, रितु और बालंदी को फिर से पकड़ा और थाने ले जाकर बेतहाशा मारपीट की। प्रताप आदिवासी के मुताबिक पुलिस ने चोरी के झूठे आरोप में उसे तथा उसके सा?थियों को न केवल बेरहमी से पीटा ब?ल्कि उनके गुप्तांग में मिर्च डालकर अमानवीय यातना भी दी। यह भी आरोप है कि 17 जुलाई की रात करीब 10 बजे पुलिस ने गांव जाकर उनकी पत्नियों के साथ भी गाली-गलौज की। प्रताप ने बताया कि उसका एक दोस्त बालंदी की 18 जुलाई से खबर नहीं है।*

*शनिवार की शाम को पीड़ितों के साथ जिला मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे भीम आर्मी के प्रदेशाध्यक्ष आकाश रावण ने कहा कि यह मामला आदिवासी समुदाय के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। सभी दोषी पुलिसकर्मियों पर एसी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। पीड़ितों ने एसपी अगम जैन को ज्ञापन सौंपकर थाना प्रभारी सहित दोषी पुलिसकर्मियों के निलंबन, बालंदी की सुरक्षा, और निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शन के दौरान मौके से गुजरे डीआईजी ललित शाक्यवार ने भी पीड़ितों की समस्या सुनी। वहीं एसपी अगम जैन ने तुरंत मामले की जांच का आदेश दिया।*

### इनका कहना

*पूछताछ के लिए कुछ लोगों को नौगांव पुलिस ने पकड़ा था, जिन्होंने अमानवीय तरीके से मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई होगी।*

***अमित मेश्राम***
*एसडीओपी, नौगांव*

# साहित्य



कहानी

# 'तीज का झूला और माई का आशीर्वाद'

सावन की रिमझिम बारिश, खेतों की हरियाली, पीपल के पेड़ पर पड़े झूले, और औरतों के गीतों की गूंज-ये सब मिलकर तीज को सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक अनुभव बना देते हैं। हर औरत के जीवन में तीज की एक अपनी कहानी होती है-कुछ के लिए यह श्रृंगार का पर्व है, कुछ के लिए यादों का झूला, और कुछ के लिए एक मौका अपनी अस्मिता को फिर से पहचानने का।

यह कहानी एक ऐसी ही स्त्री की है-राधा, जो परंपराओं के बीच अपनी आवाज़ को तलाशती है। यह कहानी सिर्फ तीज मनाने की नहीं, बल्कि मां-बेटी के रिश्ते, ससुराल की रूढ़ियों और एक स्त्री की आत्मसम्मान की भी है।

गांव के पूरब छोर पर एक पीपल का पेड़ था-बहुत पुराना, बहुत विशाल। सावन की पहली बूंद गिरते ही उस पर झूले बंध जाते थे। गांव की औरतें लाल-हरे रंग की साड़ियों में सजकर झूला झूलतीं, गीत गातीं-

'झूला पड़ा पीपल के नीचे, साजन आयो सपना रीचेज'

राधा की मां, शारदा देवी, हर साल इसी पेड़ के नीचे झूला डालती थीं। कभी राधा अपनी सहेलियों संग घंटों झूला झूलती थी। सावन के गीले दिन, गुझियों की मिठास, और माँ के हाथों की मेंहदी-राधा की बचपन की तीजें इनकी गोद में पली थीं।

पर अब वो सब बीते कल की बात थी।

राधा का ब्याह तीन साल पहले शहर के एक खाते-पीते परिवार में हुआ था। पति सुलझा हुआ था, पर सास-ससुर पुराने विचारों के थे। बहू को मायके भेजना उन्हें ठीक नहीं लगता। उन्हें लगता कि लड़की मायके जाकर बिगड़ जाती है।

तीन सालों में राधा को तीज पर मायके आने की इजाजत नहीं मिली थी।

शारदा देवी हर साल तीज के करीब आते ही अपने आंगन में झूला डाल देतीं। एक बार फिर इस साल भी सावन आया। गांव की औरतें पीले-हरे रंग की साड़ियाँ पहनकर श्रृंगार कर रही थीं। झूले पर गीतों की गूंज थी। लेकिन शारदा देवी के आंगन में सिर्फ सन्नाटा था।

शाम को उन्होंने तांबे की थाली में गुझिया सजाई, घेवर पर मलाई डाली, और एक छोटी कटोरी में सिंदूर रखा।

'इस बार राधा ज़रूर आएगी,' उन्होंने खुद से कहा।

पर कोई डाक नहीं आई। कोई संदेश, कोई फोन नहीं।

हर साल की तरह इस साल भी आंखें दरवाजे की ओर सूनी रहीं।

राधा का मन बेचैन था। सास ने सुबह ही कहा था -

'तीज का व्रत करना है तो करो, लेकिन मायके जाने का नाम मत लेना। हम कोई गंवार नहीं हैं कि हर साल बेटी को भेज दें। ससुराल में ही साज-श्रृंगार करो।'

राधा ने चुपचाप अपनी साड़ी तह की, मेंहदी की डिब्बी उठाई और छत पर चली गई। लेकिन छत से दिखते आसमान में मां की झुकी आंखें और पीपल का झूला ही नजर आता रहा।

आखिर राधा ने निर्णय लिया।

सास-ससुर से बिना कहे, पति को एक चिट्ठी छोड़कर, राधा अपने गांव के लिए निकल पड़ी। एक पुरानी साड़ी में, कंधे पर छोटा सा बैग लिए। कोई जेवर नहीं, कोई दिखावा नहीं- सिर्फ दिल में एक तमन्ना- माँ की गोद में तीज मनाने की।



■ डॉ. सत्यवान 'सौरभ'

बस बदलते हुए, खेतों से गुज़रते हुए, राधा ने कई और औरतों को देखा- कुछ पति के साथ, कुछ सहेलियों के संग। सबके चेहरे पर सावन की मुस्कान थी, पर राधा की मुस्कान थोड़ी डरी हुई थी - जैसे डर को ही मात देने चली हो।

गांव पहुंचते ही राधा के कदम सीधे पीपल की ओर चले। पर वहां न कोई झूला था, न कोई हंसी।

'माई!' - जैसे ही आवाज आई, शारदा देवी चौके से बाहर दौड़ीं।

कुछ पलों तक मां-बेटी बस एक-दूसरे को देखती रहीं। और फिर शारदा देवी ने राधा को सीने से लगा लिया।

'बिटिया... तू आ गई?'

राधा की आंखों से आंसू बहने लगे - वो आंसू जो तीन तीजों से थमे हुए थे।

राधा ने आंगन को फिर से सजाया। मां ने पीपल के पेड़ के नीचे झूला बांधा। राधा ने झूला झूला, गीत गाए, गुझिया खाई, और सिन्दूर से मांग भरी।

माँ ने कलाई पर राखी की तरह हरी चूड़ियाँ पहनाई और कहा —

'तेरे आने से मेरी तीज पूरी हुई। बेटियाँ त्योहार लेकर आती हैं, और तू तो अपने साथ मेरी सांसें भी ले आई।'

राधा ने पहली बार महसूस किया कि तीज का असली श्रृंगार माँ के आंचल से होता है।

तीज की रात राधा ने माँ से कहा,

'माँ, क्या मैं वापस जाऊं? क्या ये गलत था?'

शारदा देवी ने राधा का माथा चूमते हुए कहा-

'बिटिया, तीज सिर्फ पति की लंबी उम्र का व्रत नहीं है। ये एक स्त्री के भाव, उसके रिश्ते, और उसकी पहचान का उत्सव है। अगर एक औरत अपनी खुशी के लिए कदम बढ़ाए, तो वो गलत नहीं-वो साहस होता है।'

'तू लौट जा, लेकिन सिर झुकाकर नहीं, सिर उठाकर। तुझे जो समझना है, वो तुझे समझाएगा। और अगर न समझे, तो तू खुद को मत खोना।'

तीज की अगली सुबह राधा ने माँ को गले लगाकर विदा ली। इस बार हाथ में सिर्फ झोला नहीं था, मन में आत्मविश्वास भी था।

गांव की पगडंडी पर चलते हुए राधा ने पीपल के पेड़ को देखा। झूला हवा में हिल रहा था-जैसे उसे आशीर्वाद दे रहा हो।

तीज अब राधा के लिए सिर्फ व्रत का दिन नहीं था। यह एक संकल्प बन चुका था — खुद को समझने, माँ से मिलने, और अपनी बात कहने का।

यह कहानी हर उस औरत की है जो तीज पर सिर्फ श्रृंगार नहीं, स्वाभिमान भी पहनती है।

? सीख और संदेश

तीज एक स्त्री के भीतर के प्रेम, त्याग और साहस का पर्व है।

हर लड़की को अपना मन और अपनी इच्छाएं अभिव्यक्त करने का अधिकार है।

मां की गोद, बेटी की हिम्मत, और समाज की समझ — ये तीनों मिलें तो हर तीज सचमुच पावन हो।

## ग़ज़ल

■ फ़ना निज़ामी कानपुरी

दुनिया-ए-तसव्वुर हम आबाद नहीं करते
याद आते हो तुम ख़ुद ही हम याद नहीं करते

वो जौर-ए-मुसलसल से बाज़ आ तो गए लेकिन
बे-दाद ये क्या कम है बे-दाद नहीं करते

साहिल के तमाशाई हर डूबने वाले पर
अफ़सोस तो करते हैं इमदाद नहीं करते

कुछ दर्द की शिद्दत है कुछ पास-ए-मोहब्बत है
हम आह तो करते हैं फ़रियाद नहीं करते

सहरा से बहारों को ले आए चमन वाले
और अपने गुलिस्ताँ को आबाद नहीं करते

■ अशरफ़ शाद

दे आया अपनी जान भी दरबार-ए-इश्क़ में
फिर भी न बन सका ख़बर अख़बार-ए-इश्क़ में

जब मिल न पाया उस से मुझे इज़्न-ए-गुफ़्तुगू
मैं इक किताब बन गया इज़्हार-ए-इश्क़ में

क़ीमत लगा सका न ख़रीदार फिर भी मैं
जिंस-ए-वफ़ा बना रहा बाज़ार-ए-इश्क़ में

शायद यही थी उस की मोहब्बत की इंतिहा
मुझ को भी उस ने चुन दिया दीवार-ए-इश्क़ में

तह तक मैं खोज आया हुआ ग़र्क़ बार बार
आया न फिर भी तैरना मँझदार-ए-इश्क़ में

## बचे रहेंगे सबसे अच्छे

■ जयप्रकाश मानस

अच्छे मनुष्य बचे रहेंगे
उनके हिस्से की दुनिया से
चले जाने के बाद भी
लोककथाओं की असमाप्त दुनिया के
राजकुमार की तरह

बहुत अच्छे मनुष्य बचे रहेंगे
उनके हिस्से की दुनिया से
चले जाने के बाद भी
हवा-आग-पानी की तरह
अपनी दुनिया के आसपास की दुनिया में

सबसे अच्छे मनुष्य बचे रहेंगे
उनके हिस्से की दुनिया से
चले जाने के बाद भी
खुशबू की तरह
समूची दुनिया को छतनार
करते हुए गुलाब की तरह
खुशबू जी आग-हवा-पानी है

## ख़बरों का पिंजरा

■ जयप्रकाश मानस

ख़बरों का कागज़
सुबह की चाय के साथ खुलता है
लेकिन उसमें सच
कहीं एक कोने में
छोटे-से अक्षर में
ख़ुद को छिपाए बैठा है।

पत्रकारिता,
जैसे कोई पुराना घर
जिसके दरवाज़े अब सत्ता की हवा से हिलते हैं।
स्याही थी कभी लोक की आवाज़
अब वह धन की उँगली पर नाचती है।

कोई ख़बर
पैसे की थैली में लिपटी
अख़बार के पन्नों पर चढ़ती है।
'एडवरटोरियल' लिखा होता है,
लेकिन आँखें उसे पढ़ने से पहले थक जाती हैं।
सच - जैसे कोई बच्चा,
जो खेलते-खेलते बाज़ार में खो गया।

टीआरपी की दौड़
जैसे साइकिल का पहिया
घूमता है, लेकिन कहीं नहीं जाता।
सनसनी - जैसे रास्ते की धूल,
हवा में उड़ती है, आँखों में चुभती है।

संपादक,
कभी जो कलम से
लोकतंत्र का चेहरा बनाता था
अब मालिकों की मेज़ पर
कागज़ का एक टुकड़ा है।
रिश्वत
जैसे कोई चींटी
धीरे-धीरे ख़बरों की रोटी खा जाती है।

प्रेस काउंसिल
जैसे कोई पुराना पेड़,
जो अब सिर्फ़ छाया देता है,
फल नहीं।
वरिष्ठ पत्रकार चुप हैं
जैसे कोई पुरानी किताब
जिसके पन्ने हवा में फड़फड़ाते हैं
पर कोई नहीं पढ़ता।

लोकतंत्र - जैसे कोई नदी
जो अब
सत्ता की पाइप में बहती है।
ख़बरें - जैसे कबूतर,
जो उड़ते तो हैं;
पर पिंजरे की ओर लौट आते हैं।

फिर भी
कहीं कोई कलम - जैसे खेत में उगा एक पौधा
हवा के ख़िलाफ़
अपना सिर उठाए रखता है।
सच
शायद अभी
उसी पौधे की पत्ती पर
टपकती हुई ओस है।

# संवैधानिक ढंग से उठाई गई आवाज....!!

■ भूपेन्द्र भारतीय

मेरी कोशिश रहती है कि जब भी किसी तरह की कोई आवाज़ उठाऊं तो वह संवैधानिक ढंग से हो। लेकिन क्या पता किसी न किसी की मानहानि हो ही जाती हैं। जो कि मेरा मन कभी किसी की मानहानि नहीं करना चाहता है। आखिर मैं अपने मन की बात से किसी के मान को हानि पहुंचाने वाला होता कौन हूँ ? मैं ठहरा एक आम आदमी। प्रतिदिन किसी न किसी लाईन में खड़े रहने वाला। भीड़ का सक्रिय सदस्य। मैं तो सिर्फ़ अपने अधिकारों के लिए आवाज़ उठाता हूँ।

विगत दिनों मैंने एक मंच से बस इतना कह दिया कि भ्रष्टाचार दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। बस फिर क्या था ! कितनों का ही लोकतंत्र नाराज हो गया। उन्होंने इसे अपनी मानहानि मान ली। संविधान पर बात आ गई। बाबा साहब को बीच में ले आये। बताओ इसमें किसकी मानहानि हुई ? भला संविधान ने सबको अपनी अपनी बात कहना का अधिकार दिया है, फिर किसी को किसी की बात से नाराज नहीं होना चाहिए।

> हम देखते हैं आजकल सब संवैधानिक ढंग से अपनी अपनी आवाज को उठा रहे हैं। उठाना भी चाहिए। लोग तो दूसरी की बैठी हुई भैंस को उठा देते हैं तो फिर अपनी आवाज उठाने में कौनसी परेशानी है। आवाज ही तो है कोई आंदोलन तो नहीं कि जिसे कुचलने की जरूरत पड़े। सब अपने अपने हिसाब से अपनी आवाज उठाते रहते हैं।

हम देखते हैं आजकल सब संवैधानिक ढंग से अपनी अपनी आवाज को उठा रहे हैं। उठाना भी चाहिए। लोग तो दूसरी की बैठी हुई भैंस को उठा देते हैं तो फिर अपनी आवाज उठाने में कौनसी परेशानी है। आवाज ही तो है कोई आंदोलन तो नहीं कि जिसे कुचलने की जरूरत पड़े। सब अपने अपने हिसाब से अपनी आवाज उठाते रहते हैं। कोई सड़क पर तो कोई पंथ, रीलिजन, मजहब के सहारे आवाज उठा रहा है। आखिर हमें हमारा संविधान आवाज उठाने का अधिकार देता है।

लोग संविधान की आड़ में खूब आवाज उठाते हैं। सबके अपने ढंग है। कोई अपनी गाय को सड़क पर खुल्ला छोड़कर उठाता है, तो कोई सड़क पर गलत दिशा से अपनी कार चलाकर आवाज उठाता है। आखिर सबको संविधान ने एक संवैधानिक आवाज उठाने का ढंग दिया है। मैं उसे सड़क पर कचरा फेंककर उठाऊं या फिर ऊंची आवाज में डीजे बजाकर उठाऊं-यह मेरा अपना अपना ढंग !

आखिर संविधान ने मुझे यह ढंग दिया है। मैं इसका उपभोग क्यों नहीं करूँ। बड़े अधिकारी तो इस ढंग की आड़ में कितनी ही ग्रांट डकार जाते हैं और बड़े ढंग की ऊंची आवाज उठाते हैं। नेता संसद की आड़ में आवाज उठाते हैं और अपने क्षेत्र में कोलाहल मचा देते हैं। फिर मैं संवैधानिक ढंग से थोड़ी बहुत आवाज क्यों नहीं उठा सकता हूँ। मेरे पास यह संवैधानिक ढंग का ही अधिकार बचा है, नहीं तो मैं अपने घर में भी चूं तक नहीं कर सकता हूँ। घर के बाहर की तो बात ही अलग है।

अच्छा हुआ बाबा साहब संविधान बना गए। नहीं तो मुझे जीवनभर बगैर आवाज उठाये ही जीना पड़ता। मैं एक ढंग की संवैधानिक आवाज नहीं उठा सकता था। संवैधानिक आवाज उठाने के नाम पर आंदोलनों में नहीं जा सकता था। आंदोलनजीवी नहीं बन सकता था। आंदोलनों की दावतों का आनंद नहीं उठा सकता था। विदेश यात्रा नहीं कर सकता था। विश्वविद्यालय का कुलपति नहीं बन पाता। राज्यपाल नहीं हो सकता था! संसदीय समितियों से वंचित हो सकता था। टीवी स्टूडियो में बैठकर संविधान व लोकतंत्र पर तीखी बहस नहीं कर सकता था। बताओ कितना खतरनाक मंजर होता यदि बाबा साहब का संविधान हमें यह सब नहीं देता तो ?



हमें निरंतर संवैधानिक ढंग से अपनी आवाजें उठाते रहना चाहिए। जो भी सार्वजनिक व सरकारी संपत्ति मिले, उसे ज्यादा से ज्यादा उपभोग व जल्दी से जल्दी कब्जा कर लेना चाहिए। आखिर यह भी एक संवैधानिक ढंग है, राष्ट्र की संपत्ति में हमारे अधिकार का। हम इसे ढंग से क्यों ना उठाये।

इन दिनों तो सोशल मीडिया ने हमारे इस अधिकार का ओर विस्तार कर दिया है। हम बिस्तर में पड़े पड़े इस ढंग का उपयोग कर समाज में क्रांति ला सकते है और कितने ही युवा रील बनाकर सोशल मीडिया पर क्रांति ला रहे हैं। गजब की संवैधानिक आवाज उठ रही है। युवा सातवें आसमान में पर हैं। धरती पर पाँव रखना अब उनकी शान के खिलाफ है। कभी पाँव रखने की जरूरत होती भी है तो वोटजीवी प्रजाति उनके लिए फट से बढ़ीया कालीन बिछा देती हैं। आखिर युवाओं की आवाज का लाभ कौन नहीं लेना चाहता है। ओर फिर यह तो संवैधानिक ढंग से उठाई जाने वाली आवाजें होती है जो लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए शुभ मानी जाती हैं। वो बात अलग है कि कभी कभी कुछ न्यायिक जांच एजेंसियां भी संवैधानिक ढंग से आवाज उठाने का प्रयास करती हैं लेकिन सरकार के वफादार उन आवाजों को उठने नहीं देते।

इसलिए मैं कहता हूँ कि जिसे भी-जहां भी संवैधानिक ढंग की आवाज उठाने का अवसर मिले उसे उठाना चाहिए, फिर भले वह सरकारी धन हो, ठेकेदारी हो, भ्रष्टाचार हो, सरकारी लापरवाही हो, कालाबाजारी, न्यायपालिका की लेटलतीफी हो, शिक्षा माफिया, भू माफिया हो..! संवैधानिक अधिकारों की आड़ में इन क्षेत्रों में निरंतर संवैधानिक ढंग से आवाज उठाकर शुभ-लाभ करते रहना चाहिए !!

# जब हवा चलती है..

■ गोपाल मिश्रा

बहुत समय पहले की बात है , आइस्लैंड के उत्तरी छोर पर एक किसान रहता था . उसे अपने खेत में काम करने वालों की बड़ी ज़रुरत रहती थी लेकिन ऐसी खतरनाक जगह , जहाँ आये दिन आंधी -तूफ़ान आते रहते हों , कोई काम करने को तैयार नहीं होता था .किसान ने एक दिन शहर के अखबार में इश्तहार दिया कि उसे खेत में काम करने वाले एक मजदूर की ज़रुरत है। किसान से मिलने कई लोग आये लेकिन जो भी उस जगह के बारे में सुनता, वो काम करने से मना कर देता . अंतत: एक सामान्य कद का पतला -दुबला अधेड़ व्यक्ति किसान के पास पहुंचा किसान ने उससे पूछा , 'क्या तुम इन परिस्थितयों में काम कर सकते हो ?'



'ह्म्म्म , बस जब हवा चलती है तब मैं सोता हूँ .' व्यक्ति ने उत्तर दिया।

किसान को उसका उत्तर थोडा अजीब लगा लेकिन चूँकि उसे कोई और काम करने वाला नहीं मिल रहा था इसलिए उसने व्यक्ति को काम पर रख लिया।

मजदूर मेहनती निकला , वह सुबह से शाम तक खेतों में मेहनत करता, किसान भी उससे काफी संतुष्ट था। कुछ ही दिन बीते थे कि एक रात अचानक ही जोर-जोर से हवा बहने लगी , किसान अपने अनुभव से समझ गया कि अब तूफ़ान आने वाला है . वह तेजी से उठा , हाथ में लालटेन ली और मजदूर के झोपड़े की तरफ दौड़ा।

'जल्दी उठो , देखते नहीं तूफ़ान आने वाला है , इससे पहले की सबकुछ तबाह हो जाए कटी फसलों को बाँध कर ढक दो और बाड़े के गेट को भी रस्सियों से कास दो' किसान चीखा ।

मजदूर बड़े आराम से पलटा और बोला , 'नहीं जनाब , मैंने आपसे पहले ही कहा था कि जब हवा चलती है तो मैं सोता हूँ !!!.'

यह सुन किसान का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच गया , जी में आया कि उस मजदूर को गोली मार दे , पर अभी वो आने वाले तूफ़ान से चीजों को बचाने के लिए भागा ।

किसान खेत में पहुंचा और उसकी आँखें आश्चर्य से खुली रह गयी , फसल की गांठें अच्छे से बंधी हुई थीं और तिरपाल से ढकी भी थी , उसके गाय -बैल सुरक्षित बंधे हुए थे और मुर्गियां भी अपने दडबों में थीं बाड़े का दरवाज़ा भी मजबूती से बंधा हुआ था . सारी चीजें बिलकुल व्यवस्थित थी ज्नुकसान होने की कोई संभावना नहीं बची थी.किसान अब मजदूर की ये बात कि 'जब हवा चलती है तब मैं सोता हू' समझ चुका था , और अब वो भी चैन से सो सकता था।

मित्रों , हमारी ज़िन्दगी में भी कुछ ऐसे तूफ़ान आने तय हैं , ज़रुरत इस बात की है कि हम उस मजदूर की तरह पहले से तैयारी कर के रखें ताकि मुसीबत आने पर हम भी चैन से सो सकें. जैसे कि यदि कोई विद्यार्थी शुरू से पढ़ाई करे तो परीक्षा के समय वह आराम से रह सकता है, हर महीने बचत करने वाला व्यक्ति पैसे की ज़रुरत पड़ने पर निश्चिंत रह सकता है, इत्यादि।

तो चलिए हम भी कुछ ऐसा करें कि कह सकें - 'जब हवा चलती है तो मैं सोता हूँ।'

मुख्यमंत्री ने बार्सिलोना में टेक्सटाइल मशीनरी कंपनियों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# निवेशकों को उपलब्ध करायेंगे हर सुविधा



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पेन यात्रा के तीसरे दिन बार्सिलोना में विश्व की अग्रणी टेक्सटाइल मशीनरी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ एक उच्च स्तरीय राउंड टेबल बैठक की। बैठक का आयोजन मध्यप्रदेश को टेक्सटाइल मशीनरी मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने और यूरोपीय टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर्स के साथ साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के टेक्सटाइल सेक्टर में निवेश के लिए अनुकूल माहौल और निवेशक अनुकूल नीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश टेक्सटाइल निवेश आकर्षित करने में भारत में अग्रणी है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाएं, जैसे विशेष टेक्सटाइल पार्क, स्र्थं और निवेशकों के लिए प्रोत्साहन योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने निवेशकों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को समझने पर जोर दिया जिससे उनकी जरूरतों के अनुरूप नीतियां और सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश टेक्सटाइल मशीनरी मैन्युफैक्चरिंग के लिए भी आदर्श है। राज्य सरकार वैश्विक कंपनियों के साथ साझेदारी कर टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और सस्टेनेबल प्रोडक्शन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में यूरोपीय टेक्सटाइल मशीनरी कंपनियों को मध्यप्रदेश में अपनी उत्पादन इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित कर आमंत्रित किया गया। मध्यप्रदेश में टेक्सटाइल मशीनरी मैन्युफैक्चरिंग हब की स्थापना, भारतीय और यूरोपीय कंपनियों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, और नॉलेज एक्सचेंज की संभावनाओं पर चर्चा की गई। यह पहल मेक इन इंडिया और मेक इन एमपी के तहत विश्व स्तरीय टेक्सटाइल मशीनरी के उत्पादन को बढ़ावा देने और विशेष टेक्सटाइल पार्क व स्र्थं की स्थापना पर केंद्रित थी।

बैठक में वैश्विक स्तर की टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी कंपनियों आर्थर इमैनुएल, यूएस की अग्रणी टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी स्टार्टअप लॉन्च के फाउंडर, एनरिक सिला, जीनोलॉजिया के सीईओ और संस्थापक, जे जामिन्टरनेशनल, इटली की प्रीमियम वीविंग और स्पिनिंग मशीनरी निर्माता कंपनी,ग्राज़ियानो मैकटेक, इटली की फाइबर प्रोसेसिंग और यार्न प्रोडक्शन में विशेषज्ञता वाली कंपनी,जोसे मारिया ब्रोंको, इटली के टेक्सटाइल इंजीनियरिंग विशेषज्ञ, शामिल थे। मध्यप्रदेश से प्रमुख टेक्सटाइल कंपनियों बेस्ट कॉर्प, प्रतिभा सिंटेक्स, श्रीजी पॉलिमर्स, और डीबी ग्रुप ने भी इस बैठक में हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री ने 'फीरा दे, बार्सिलोना मेले में देखा स्पेन के स्मार्ट नगर का माडल

## मप्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के संस्थान की स्थापना पर हुआ विचार-विमर्श



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पेन प्रवास के तीसरे दिन बार्सिलोना स्थित 'फीरा दे बार्सिलोना-मोंटजुइक' मेला परिसर का भ्रमण किया। यह मेला यूरोप के प्रमुख प्रदर्शनी एवं व्यापार मेलों में से एक है। वर्ष 1932 में स्थापित यह केंद्र बार्सिलोना के ऐतिहासिक मोंटजुइक क्षेत्र में स्थित है, जो सांस्कृतिक और स्थापत्य कला की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य स्पेन के स्मार्ट नगर मॉडल, पर्यावरणीय प्रबंधन, शहरी गतिशीलता एवं नवाचार प्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन करना था, जिससे मध्यप्रदेश में भी इन क्षेत्रों में विकास को गति दी जा सके। 'फीरा दे बार्सिलोना' जैसे संस्थानों के सहयोग से मध्यप्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के निवेश सम्मेलनों तथा स्थायी प्रदर्शनी केंद्र की स्थापना की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। मेला भ्रमण के दौरान मेले के प्रतिनिधि एवं मध्यप्रदेश के अधिकारियों की टीम भी मौजूद रही।

फीरा दे बार्सिलोना परिसर अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है तथा प्रति वर्ष 150 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों की मेज़बानी करता है, जिनमें औद्योगिक, तकनीकी, नवाचार, पर्यटन तथा शहरी विकास जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। लगभग एक लाख 65 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैला यह प्रदर्शनी परिसर 'स्मार्ट नगर प्रदर्शनी विश्व अधिवेशन', 'चलित दूरसंचार विश्व अधिवेशन', 'एलिमेंटेरिया खाद्य एवं पेय व्यापार मेला' तथा 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स समाधान विश्व अधिवेशन' जैसे वैश्विक आयोजनों का सफल संचालन करता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुलताई में जिला पदाधिकारियों की बैठक को किया संबोधित, कहा-

# प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिलने के बाद भी मैं पहले जैसा था, वैसा ही हूं



**बैतूल/भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल शुक्रवार को प्रवास के दौरान मुलताई पहुंचे, जहाँ पार्टी कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह ढोलढमाकों, आतिशबाजी और पुष्पवर्षा कर गर्मजोशी से आत्मीय स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खण्डेलवाल ने स्वागत में कार्यकर्ताओं के उमड़े सैलाब का हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए कहा कि कार्यकताओं से मिले अपार प्रेम और आत्मीयता से मैं अभीभूत हूं। भाजपा कार्यकर्ता मेरा जीवन व प्राण हैं। उनके सम्मान में कभी भी कमी नहीं आने दूंगा। पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता ने जो प्यार व स्नेह दिया, उसका कर्ज जीवन भर नहीं उतार पाऊंगा। भाजपा एक परिवार है, मुझे पार्टी ने नया दायित्व सौंपा है, मैं आप सभी के सहयोग से इस दायित्व का निर्वहन करूंगा। यह दायित्व मिलने के बाद भी मैं पहले जैसा था, वैसा ही आज भी आपके साथ हूॅ और आगे भी आपके साथ रहूगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने बैतूल में जिला भाजपा कार्यालय में जिला पदाधिकारी व प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक एवं प्रबंध समिति की बैठक को संबोधित कर स्थानीय कार्यकर्ताओं से भेंट की।

श्री खण्डेलवाल ने कहा कि मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा। आज आप सभी कार्यकर्ताओं का जगह-जगह प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद मिला। उन्होंने कहा कि आप कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है, क्योंकि मैं प्रदेशभर में संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने में लगा रहूंगा। हम सभी कार्यकर्ता पार्टी संगठन को और आगे ले जाने का कार्य करेंगे। श्री खण्डेलवाल के मुलताई प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मंचों के माध्यम से पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। बैतूल जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार एवं कार्यकताओं ने परमण्डल जोड पर उनका स्वागत कर तुलादान किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, प्रदेश शासन के मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्रीमती माया नारोलिया, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, मुलताई विधायक चन्द्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, मुलताई नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा गढेकर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला सहित जनप्रतिनिधी, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित बडी संख्या में नगरवासी एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

## कावड़ यात्रा का शुभारंभ किया



श्री खण्डेलवाल ने मुलताई में ताप्ती उदगम स्थल ताप्ती सरोवर से कावड़ यात्रा का शुभारंभ किया एवं कावड़ यात्रा में शामिल होकर नगर भ्रमण किया। उन्होंने कावड़ यात्री शिव भक्तों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कावड यात्रा केवल यात्रा नहीं, बल्कि श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का संगम है। उन्होंने नागपुर नाका मुलताई में संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

स्मार्ट मीटर के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने खोला मोर्चा, बोले-

# स्मार्ट मीटर सुविधा नहीं स्मार्ट लूट है



- उपभोक्ताओं पर स्मार्ट मीटर न थोपे जाएं
- मनमाने बिजली बिल, जबरन वसूली से उपभोक्ता परेशान

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में स्मार्ट मीटरों के कारण बिजली बिलों में असामान्य वृद्धि और उपभोक्ताओं पर जबरन मीटर लगाने की शिकायतों पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ता की इच्छा पर निर्भर होना चाहिए, लेकिन इसके बाद भी बिजली कंपनियां दबाव बनाकर और जबरन स्मार्ट मीटर लगा रही हैं। पहले जहां बिल 300 से 600 के बीच आते थे, स्मार्ट मीटर लगने के बाद 6,000 से 20,000 तक के बिल आ रहे है, श्री पटवारी ने कहा कि स्मार्ट मीटर सुविधा नहीं बल्कि यह स्मार्ट लूट का जरिया बन गए हैं।

श्री पटवारी ने स्मार्ट मीटर में धमाका होने और आग लगने की घटनाओं का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा, कि स्मार्ट मीटर का उद्देश्य उपभोक्ता सुविधा और पारदर्शिता था, लेकिन सरकार की नाकामी और बिजली कंपनियों की मनमानी ने इसे जनता के लिए बोझ बना दिया है। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनियों के नाम और उनकी कार्यप्रणाली को सार्वजनिक करना जरूरी है, ताकि जनता को सच पता चले।

### स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनियों के नाम और ठेके सार्वजनिक हों

श्री पटवारी ने मांग की है कि स्मार्ट मीटर लगाने से पहले उपभोक्ता की सहमति को अनिवार्य किया जाए और जबरन स्थापना पर तत्काल रोक लगाई जाए और स्मार्ट मीटर लगाने में शामिल सभी कंपनियों के नाम, उनकी कार्यप्रणाली और ठेके सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने स्मार्ट मीटरों की रीडिंग, तकनीकी खामियों और बिलिंग प्रक्रिया की स्वतंत्र और उच्च-स्तरीय जांच कराई जाए। उन्होंने असामान्य रूप से बढ़े बिलों को तत्काल रद्द कर वास्तविक खपत के आधार पर नए बिल जारी करने के साथ ही जांच पूरी होने तक उपभोक्ताओं पर कोई दंडात्मक कार्रवाई न करने की मांग की है।

मांडव पहुंचे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार

# नव-संकल्प शिविर की तैयारियों का लिया जायजा



**भोपाल, देशबन्धु।** धार जिले के मांडव में कांग्रेस विधायकों के लिए नव संकल्प शिविर का आयोजन 21-22 जुलाई को किया जा रहा है। शिविर की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार आज मांडव पहुंचे। यहां उन्होंने जेएमडी रिसोर्ट पहुंचकर तैयारियों का जायज़ा लिया।

इस दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा में बताया कि कांग्रेस की नई सोच-नई रणनीति, मिशन 2028 और राज्य की जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस की ओर से विधायकों का 'नव संकल्प शिविर' आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में दिल्ली से वरिष्ठ कांग्रेस नेता वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे। श्री सिंघार ने कहा कि इसके अलावा कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन और अन्य कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिविर में सहभागिता करेंगे।

# ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न



**भोपाल, देशबन्धु।** भवन क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने और सतत विकास के लक्ष्यों की ओर एक सशक्त कदम के रूप में, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के लिए 17 व 18 जुलाई 2025 को सम्मेलन कक्ष, भोपाल में ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता ने उद्घाटन सत्र में संहिता की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आगामी सभी भवन परियोजनाओं में ईसीएसबीसी के प्रावधानों को अपनाने का प्रयास करें। प्रशिक्षण में लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (भवन), कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उप यंत्री, वास्तुविद, परियोजना प्रतिवेदन अधिकारी एवं सामग्री परीक्षण अभियंता आदि ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो से प्रमाणित मुख्य प्रशिक्षक जे. के. व्यास एवं राणा प्रताप पोद्दार द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण के पहले दिन मुख्य प्रशिक्षक जे. के. व्यास ने ईसीएसबीसी की आवश्यकता, इसके लाभ और प्रमुख प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी एवं राणा प्रताप पोद्दार ने ईसीएसबीसी के विभिन्न घटकों जैसे - सतत स्थल चयन एवं योजना, भवन आवरण, कम्फर्ट प्रणाली एवं नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, जल प्रबंधन, आंतरिक पर्यावरण गुणवत्ता, प्रकाश व्यवस्था एवं नियंत्रण, तथा ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। प्रतिभागियों को अनुपालन तंत्र (कॉम्प्लायंस मैकेनिज़्म) के विषय में व्यावहारिक जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रशिक्षक राणा प्रताप पोद्दार ने ईको निवास संहिता एवं डिज़ाइन भवन सॉफ्टवेयर की सहायता से ऊर्जा एवं प्राकृतिक प्रकाश सिमुलेशन द्वारा कोड अनुपालन के तरीकों को समझाया एवं सिमुलेशन का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। प्रशिक्षक जे. के. व्यास ने सॉफ्टवेयर के माध्यम से भवन ऊर्जा सिमुलेशन करने का प्रशिक्षण प्रदान किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदेश में ऊर्जा दक्ष भवन निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त जान से अधिकारी आगामी परियोजनाओं में ऊर्जा संरक्षण को व्यवहार में ला सकेंगे।

# रियाज़, अनुशासन और धैर्य की साधना को समर्पित रहा नाट्य कार्यशाला का चौथा दिन



**भोपाल, देशबन्धु।** विहान सोश्यो कल्चरल वेलबेंग सोसाइटी द्वारा आयोजित नाट्य कार्यशाला का चौथा दिन आज रियाज़, अनुशासन और धैर्य की साधना को समर्पित रहा। थिएटर में संगीत, लय और ताल की ज़रूरत को गहराई से समझाने के लिए हेमंत देवलकर ने लगातार ढाई घंटे तक प्रतिभागियों से तीन ताल, राग यमन और मियां मल्हार पर ज़ोरदार अभ्यास करवाया। इस पूरे सत्र का उद्देश्य था शरीर और स्वर को एक साथ साधना।

इस सत्र की खास बात यह रही कि संगीत आधारित रंग-गतिविधियां और आवाज़ की गूंज पहचानने के लिए सामूहिक खेल भी कराए गए। इनमें आवाज़ का वृत्त में जहां हर प्रतिभागी को स्वर की यात्रा को आगे बढ़ाना होता है, वहीं ताल पकड़ो के तहत लयबद्ध बोलों पर ताल से ताल मिलाना बताया गया। वहीं एक सुर, अनेक स्वरूप में कलाकारों को समूह में सामंजस्य और व्यक्तिगत शैली की समझ मिलती है। इस अभ्यास ने इन युवा प्रतिभागियों के जीवन में अभ्यास और धैर्य के महत्व का बीज बो दिया। कार्यशाला में विहान की संस्थापक सदस्य और इस कार्यशाला में बतौर प्रतिभागी सक्रिय श्वेता केतकर का मानना है कि रियाज़ केवल कला की तकनीक नहीं, बल्कि कलाकार की आत्मा से उसका जुड़ाव है। जब युवा कलाकार नाद, स्वर और ताल में खुद को खोने लगते हैं, तब ही सृजन का असली बीज अंकुरित होता है। विहान ड्रामा वर्क्स की यह कार्यशाला सिर्फ थिएटर सीखने का मंच नहीं, बल्कि एक रचनात्मक जीवनशैली को अपनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

# सार्वजानिक शौचालय की शुल्क वृद्धि का कांग्रेस ने किया विरोध

## कहा- इससे तो खाना सस्ता है




**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल के सार्वजानिक शौचालय का शुल्क बढ़ाने का प्रस्ताव मेयर इन कौंसिल (एमआईसी) में पारित होने के बाद कांग्रेस खुलकर इसके विरोध में मैदान में उतर गई है। इसके तहत शुक्रवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान ने कहा कि दीनदयाल रसोई में 5 रुपए में खाना मिल रहा है। दूसरी ओर सार्वजानिक शौचालय का शुल्क बढ़ाया जा रहा हैं।

दरअसल पिछले दिनों एमआईसी की बैठक हुई थी। इसमें सुलभ इंटरनेशनल ने 25 स्थानों पर संचालित सार्वजनिक शौचालय में उपयोगकर्ता शुल्क दर 6 से बढ़ाकर 10 रुपए किए जाने की मंजूरी चाही थी। एमआईसी ने इस प्रस्ताव को मंजूर कर दिया था। इसके बाद से ही कांग्रेस विरोध कर रही है। इसी कड़ी में कांग्रेसियों ने शुक्रवार को शिवाजी नगर स्थित सुलभ कॉम्पलेक्स के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्?डू चौहान ने कहा कि शुल्क बढ़ाना जबरन बोझ बढ़ाने जैसा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में अभी 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में भोपाल दूसरे नंबर पर आया है। लेकिन शुल्क बढ़ने से स्वच्छता अभियान पर असर पड़ सकता है। चूँकि लोग ज्यादा पैसे देने की वजह खुले में शौच के लिए जाएंगे। कांग्रेसी पार्षदों ने कहा कि 24 जुलाई को नगर निगम परिषद की बैठक होगी, जिसमें यह प्रस्ताव लाया जाएगा। बैठक में इस प्रस्ताव का विरोध करेंगे।

# मप्र लघु उद्योग संघ की वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न: सुबोध अध्यक्ष, विपिन महासचिव बने




**भोपाल, देशबन्धु।** मप्र लघु उद्योग संघ की 65वीं वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न हुई। इस अवसर पर संघ के वर्ष 2025-27 के लिए सम्पन्न चुनाव के परिणाम की जानकारी मुख्य चुनाव अधिकारी आरजी द्विवेदी एवं चुनाव अधिकारी मनोज झा द्वारा दी गई।

संघ की नव निर्वाचित कार्यकारिणी में राज्य स्तरीय अध्यक्ष सुबोध कुमार जैन (जबलपुर), उपाध्यक्षद्वय मंजीत सिंह चावला (खरगोन), सुधीर कुमार मिश्रा (कटनी), महासचिव विपिन कुमार जैन (भोपाल), सचिवद्वय सुनील भार्गव (भोपाल) तथा सैयद फरीद (बुरहानपुर), कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार मित्तल (ग्वालियर), संयुक्त सचिवद्वय राजीव अग्रवाल (मण्डीदीप) तथा प्रदीप मित्तल (विदिशा) सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से 13 क्षेत्रीय उपाध्यक्ष.13 सेत्रीय संयुक्त सचिव तथा 20 कार्यकारिणी सदस्य शामिल है।

इस अवसर पर संघ के निवृत्तमान अध्यक्ष विपिन कुमार जैन ने संस्था की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि लघु उद्योगों की विपणन समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से लघु उद्योग निगम की स्थापना से लेकर आज कार्यशील जिला स्तरीय से लेकर राज्य स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड का गठन हो या शासकीय निर्णयों के भागीदारी संस्था की महत्पपूर्ण भूमिका रही है। आज हम करीब 50 जिलों में संस्था का प्रतिनिधित्व कर रहे है।वहीँ नव निर्वाचित अध्यक्ष सुबोध कुमार जैन ने आगामी 2 वर्षों की रूपरेखा बताई। उन्होंने कहा कि वे अपने कार्यकाल में तीन उपलब्धियों प्राप्त करना चाहते है। इनमे इस संस्था को प्रदेश की प्रत्येक एमएसएमई तक पहुँचाना। शासन के साथ मिलकर प्रदेश में एमएसएमई के विकास को आगे बढ़ाना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को साकार करते हुये एमएसएमई की भागीदारी 60 प्रतिशत से ज्यादा करना है। महासचिव सुनील भार्गव द्वारा वर्ष 2024-25 की वाह्यिर्षक प्रतिवेदन तथा कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार मित्तल द्वारा अंकेतिक आय-व्यय पत्राक का प्रस्तुतीकरण किया गया तथा स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही आगामी वर्ष 2028-20 के लिए मेरा बीसीपी चौन एण्ड कम्पनी को अंकेक्षक नियुक्त करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। इस मौके पर मुख्य चुनाव अधिकारी आरजी द्विवेदी एवं चुनाव अधिकारी मनोज झा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्रा, एवं सचिव सुनील भार्गव और आभार उपाध्यक्ष मंजीत सिंह चावला ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न अंचलों इन्दौर, खरगोन, सनावद, सागर, जबलपुर नरसिंहपुर, धार एवं नर्मदापुरम से पधारे उद्योगपतियों ने भागीदारी की।


## कार्यालय कलेक्टर जिला सागर एवं पदेन उप सचिव, मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग

प्ररूप-क

(नियम 4 देखिए)

क्रमांक 0004/अ/82/25-26/भू-अर्जन/2025/6010 सागर, दिनाँक 10.07.2025

मौजा कैथनी रैयतवारी पट.ह.नं. 58 तहसील बीना

राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर, यथास्थिति संबंधित ग्राम पंचायत के परामर्श से निम्न भूमियों का अर्जन करना चाहती है और लोक प्रयोजन के लिए सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करना चाहती है। अध्ययन का कार्य भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (क्रमांक 30 सन 2013) की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | परियोजना विकासक का नाम | कार्यालय परियोजना संचालक बीना पी.एम.यू. जल संसाधन विभाग सागर जिला सागर |
| 2 | भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन | हनोता सिंचाई योजना |
| 3 | अध्ययन का कार्य हाथ में लेने वाले सामाजिक समाघात निर्धारण दल के विवरण | 1-अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीना<br>2--राजस्व निरीक्षक, मंडीबोमोरा<br>3-सरपंच ग्राम पंचायत, बरोदिया घाट वि.खं. बीना<br>4-सचिव ग्राम पंचायत बरोदिया घाट वि.ख. बीना |
| 4 | भूमि का विवरण | |
| क | जिला | सागर |
| ख | तहसील | बीना |
| ग | ग्राम/नगर | कैथनी रैयतवारी |
| घ | कुल प्रभावित क्षेत्र | 3.50 हे. |
| ड | अर्जित होने वाला क्षेत्र | 3.50 हे. |
| 5 | प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण | हनोता सिंचाई योजना |
| 6 | परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्र | 3506.00 है |
| 7 | क्या ग्रामसभाओं और / या भूमिधारकों की सहमति अपेक्षित है | नहीं |
| 8 | सामाजिक समाघात निर्धारण पूर्ण किए जाने की तारीख | अधिसूचना प्रकाशन से छः माह के भीतर |

जी-15896/25

( सदीप जी.आर. ) कलेक्टर जिला सागर
एवं पदेन उप सचिव, मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग

## सार समाचार

### थाना प्रभारी ने जागरूकता अभियान में बताई नशे की बुराई



**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** शनिवार को थाना प्रभारी प्रीति भार्गव द्वारा नगर में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान से लोगों को जागरूक किया है।

थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार नशा मुक्त समाज बनाने के लिए नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसडीओपी सर के मार्गदर्शन में शनिवार को नगर में बस स्टैंड बम्होरी तेगेला मुख्य बाजार में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति बनाने के लिए जागरूक किया गया।

एएसआई सुहाग चंद्र लोगों आमजन से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता करें एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। वही भाजपा मंडल अध्यक्ष नंदू चौरसिया ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है स्वस्थ रहना है तो नशा से दूरी अब जरूरी है पुलिस के द्वारा जो जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है वह बहुत ही अच्छा कर है। यह दौरान हरेंद्र सिंह केशव लोधी , सुनील, नीरज पाल पंकज खरे मनोज साहित तमाम पुलिसकर्मी एवं आमजन मौजूद रहे।

### प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची

# सोते समय अचानक भरभराकर ढहा मकान, महिला व 3 बच्चे मलबे में दबे

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** मोहनगढ़ तहसील व दिगौड़ा थाना क्षेत्र में लगातार हुई जोरदार बारिश से शुक्रवार की रात को ग्राम पंचायत बिजरावन में एक मकान अचानक गिर गया। इस मकान में पीड़ित महिला अपने तीन छोटे छोटे बच्चों के साथ सो रही थी, जो मकान के मलबे में दब गए। महिला व बच्चों की चीख पुकार सुनकर परिवार के अन्य सदस्य व मुहल्ले के लोग एकजुट हुए और लोगों ने महिला व उसके बच्चों को क्षतिग्रस्त मकान से बाहर निकाला। मोहल्लेवासी तत्काल महिला व बच्चों को प्राइवेट डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले गए।





अब महिला व बच्चों की हालत ठीक बताई जा रही है। इस मकान में अनाज एवं घर गृहस्थी का सामान भी रखा हुआ था, जो मलबे में दबकर खराब हो गया। महिला के पति काम करने के लिए टीकमगढ़ में गए थे। पीड़ित परिवार ने बताया है कि इस घटना को लेकर प्रशासन की टीम आज दोपहर मौके पर पहुंची। पीड़ित परिवार ने शासन व प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम बिजरावन के निवासी चरण सिंह लोधी की पत्नी पार्वती लोधी अपने बच्चो के साथ अपने मकान में सो रही थीं। भारी बारिश के कारण शुक्रवार की रात को अचानक उनका घर गिर गया।मकान गिरने से चरण सिंह की पत्नी पार्वती लोधी 30 साल, पुत्र जयहिंद लोधी 8 साल, पुत्री नंदनी लोधी 4 साल व अंकी लोधी 3 साल मलबे में नीचे दब गये थे। इस घटना में महिला व बच्चों की चीख पुकार सुनकर परिवार के सदस्यों व मुहल्ले के लोगों ने मलबे में दबे तीनो बच्चों एव महिला को बाहर निकाला, जिसमें चारों घायल हो गये। परिजन घायलों को प्राइवेट अस्पताल में ले गए। अब महिला व बच्चों की हालत ठीक है। पीड़ित परिवार ने बताया है कि आज दोपहर 3 बजे मोहनगढ़ तहसीलदार राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल महिला को एंबुलेंस से इलाज के लिए भेजा और आर्थिक सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया। पीड़ित परिवार ने बताया है कि इस घटना में उनको करीब दो से तीन लाख रुपए का नुकसान हो गया है।

### गर्ल्स स्कूल में पूर्व विधायक और छात्राओं ने किया पौधरोपण



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शनिवार को एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नजरबाग स्थित शासकीय कन्या माध्यमिक शाला में शाम 4 बजे पूर्व विधायक राकेश गिरी ने छात्राओं और शिक्षकों के साथ पौधे लगाए। इस अभियान के तहत आम, पीपल, नीम और अशोक के छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया गया। पूर्व विधायक गिरी ने कहा कि माँ और प्रकृति दोनों जीवनदायिनी हैं। उन्होंने बताया कि एक पेड़ लगाकर हम अपनी माँ को श्रद्धांजलि दे सकते हैं। साथ ही आने वाली पीढ़ियों को हरित और स्वस्थ भविष्य की सौगात दे सकते हैं।

विद्यालय की प्राचार्य और छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया। गिरी ने सभी से अपील की कि हर व्यक्ति जीवन में कम से कम एक पेड़ जरूर लगाए। उन्होंने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ लोगों को भावनात्मक रूप से अपनी जड़ों से जोड़ेगी। कार्यक्रम में प्राचार्य कमर जहां, सुनील गुप्ता, आदित्य शुक्ला, सुषमा चौधरी, प्रीति सहित अन्य शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## अतिवृष्टि से हुए नुकसान को लेकर भाकिसं सौंपेगा ज्ञापन

**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण जिले के किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे आ गई हैं। किसानों ने अभी तक अपनी फसल की बुबाई तक नहीं कर पाई है। महज 20 प्रतिशत किसानों ने ही बुबाई कर पाई है, परंतु उनकी भी फसल खराब हो चुकी है, आज किसान बेबस है। किसानों की सुध लेने भारतीय किसान संघ उनके बीच जाकर उन्हे सांत्वना दे रहा है।



दिगौड़ा तहसील अध्यक्ष फूल सिंह घोष ने कहा कि हमने अपने जिलाध्यक्ष से आग्रह किया कि आप आकर यथास्थिति को देखे। तहसील अध्यक्ष ने आज जिलाध्यक्ष को खेतों पर ले जाकर कर किसानों की पीड़ा को बताया। बजरंगगढ़ ग्राम समिति अध्यक्ष राजकुमार अहिरवार ने कहा कि हमारा सहारा सिर्फ भारतीय किसान संघ है और जिलाध्यक्ष इस बावत जरूर हमारी मदद करेंगे। ग्राम माते का खिरक बिलगांय में जिला कार्यकारिणी सदस्य राघवेन्द्र सिंह घोष ने कहा कि भारतीय किसान संघ हमेशा किसानों के साथ खड़ा है, इसलिए हमनें अपने जिलाध्यक्ष को बुलाया।

आज किसान अपने आप को बिल्कुल भी अकेला न समझे। सभी किसानों को साहस बंधाते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि आगामी समय में भारतीय किसान संघ के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जाएगा व आर्थिक सहायता की मांग की जाएगी। जिला मंत्री ने कहा कि हम आपके साथ हमेशा हर परेशानी में खड़े है। इसके बाद तहसील मंत्री केशवदास कुशवाहा के आग्रह पर मोहनगढ़ तहसील के ग्राम नादिया गये। जहां ग्राम समिति सदस्य बाबूलाल लोधी व ग्राम समिति अध्यक्ष बृजकिशोर रिछारिया ने कहा कि हमारे यहां केवल दस प्रतिशत बुआई हो पाई है। इसके बाद जिलाध्यक्ष ने आदिवासी बहुल ग्राम विजरावन व मिडोरा में किसानों से हाल जाना। जिस पर जिला कार्यकारिणी सदस्य करिया आदिवासी व ग्राम समिति सदस्य शिवदयाल अहिरवार ने बताया कि हमारे यहां बिल्कुल भी बुबाई नही हो सकी है। हमारे गांव में बारिश में भी पीने के लिए पानी नही मिलता, रोड भी नही है व बारिश में कई मकान भी टूट गये है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम आपके साथ है, सरकार आदिवासियों के लिए बहुत योजनाएं लाती है। हम शासन प्रशासन तक आपकी समस्याओ को लेकर जरूर जाएंगे।

### एक पेड़ मां के नाम विद्यार्थियों ने फलदार पौधे लगाए

**आष्टा, देशबन्धु।** मॉडर्न पब्लिक हायर सेकेन्ड्री स्कूल मैं एक पेड मां के नाम के तहत फलदार वृक्ष जामुन, आवला, नींबू के पौधे छात्र-छात्राओं द्वारा संस्था के प्रांगण में लगाए गए संस्था के प्राचार्य शैलेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा छात्र-छात्राओं को वृक्षों के महत्व के बारे में समझाया फलदार वृक्षों का महत्व अनेक दृष्टियों से है। ये न केवल हमें फल प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और आर्थिक रूप से भी महत्वपूर्ण हैं। फलदार वृक्षों से हमें ताज़े फल मिलते हैं जो पोषण का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। इसके अतिरिक्त, ये वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करते हैं। प्राचार्य श्री ठाकुर द्वारा बच्चों को एक पेड़ माँ के नाम के बारे में बताया की यह एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा।

### पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई

## आरोपी के मकान से 81 लीटर अवैध शराब बरामद



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के द्वारा चलाये जाये रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत दिगौडा पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सैराई में दविश देते हुए आरोपी के घर से बड़ी मात्रा में देशी शराब व बीयर की केनों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 34(2) का मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

थाना प्रभारी संदीप सोनी ने बताया है कि दिगौडा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दविश देते हुए ग्राम सैराई में आरोपी महेन्द्र सिह घोष के घर से थैलो, प्लास्टिक के डिब्बो, पेटियो एवं बोरियो से अवैध देशी शराब के 307 क्वाटर, बियर केन 52, कुल शराब की मात्रा 81 लीटर, 33010 रुपये कीमत की जप्त की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट का मामला दर्ज कर विवेचना मे लिया गया है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी संदीप सोनी, सउनि कल्यान सिह, प्र.आर. आनन्द सुडेले, प्रआर. विजय घोष, विकास रजक, अभय वर्मा, आर. अंकित साहू, नीलू, रजित दांगी, आर चालक कपिल शर्मा, मआर. कल्पना साहू, आर राघबेन्द्र लोधी, शिवा चाहर की मुख्य भूमिका रही।

### अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

## खंडहर स्कूल में मिले गोवंश के कंकाल, बजरंग दल ने की शिकायत

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र में इमलाना गांव के एक खंडहर स्कूल भवन कंकाल मिले हैं। खंडहर से 3 गाय और 4 बैलों के कंकाल मिले हैं। यह भवन पंचायत भवन से मात्र 50 मीटर की दूरी पर है। शनिवार को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का वीडियो बनाया। खरगापुर के बजरंग दल कार्यकर्ता बाली रैकवार ने बल्देवगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि तकरीबन 6 महीने पहले किसी अज्ञात व्यक्ति ने इन पशुओं को भवन में बंद कर दिया था। भूख-प्यास से तड़पकर इनकी मौत हो गई।

थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 325 और पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 9/11 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रशासन को 7 दिन का समय दिया है। कार्यकर्ताओं ने गोवंश के अवशेषों को सम्मानपूर्वक समाधि देने की मांग की है।

स्थानीय कार्यकर्ताओं के मुताबिक, इमलाना गांव में एक सरकारी गोशाला और एक एनजीओ की ओर से संचालित गोशाला है। इसके बावजूद इस तरह की घटना से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। कार्यकर्ताओं ने गोवंश के अवशेषों को सम्मानपूर्वक समाधि देने की मांग की है।

### नगर परिषद खरगापुर मुक्तिधाम में छः साल बाद भी नहीं लग सका टीनशेड

# बारिश में तिरपाल के नीचे अंतिम संस्कार करने को मजबूर दलित

• **अनुराग राय**

खरगापुर, देशबन्धु । जिले के लोगों को मरने के बाद भी मुक्ति नहीं मिल रही है। उनकी मुक्ति में सबसे बड़ा रोड़ा मुक्तिधाम है, नगर परिषद खरगापुर के कुछ ऐसे वार्डो में मुक्तिधाम के लिए जमीन तो है मुक्तिधाम नहीं हैं। वहां पर टीन शेड सहित अन्य जरूरी सुविधाएं नहीं हैं। जिससे बारिश के मौसम में शोकाकुल परिवारों को अपने मृतका का अंतिम संस्कार करने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है।





गौरतलब है कि नगर परिषद तत्कालीन सीएमओ, जनप्रतिनिधियों से 25 सालो से कई बार मांग करते आ रहे कि नगर के तालाब के पास पहाड़ी पर मुक्तिधाम का निर्माण नहीं होने से वार्ड क्रमांक 10,11,1213 और 15 के निवासरत अहिरवार,बाल्मिक,बुनकर,खगार, रैकवार, और यादव आदि दलित समाज के मृतक परिजनों को खुले में दाह संस्कार करने को मजबूर हो जाते है जहां बारिश के मौसम में शव का दाह संस्कार करना मुसीबत हो जाती है।

हाल ही में 18 जुलाई को नगर में बारिश के बीच दाह संस्कार करने के लिए वृद्ध महिला का शव वार्ड क्रमांक 12 अहिरवार समाज के लोग वहां ले गए जहां बारिश के चलते अंतिम संस्कार करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस समस्या को लेकर शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधियों से वार्डवासियों ने कई बार लोगों ने मुक्तिधाम पर टीनशेड निर्माण कराने की मांग भी की। उसके बाद भी आज तक तालाब के पास पहाड़ी पर मुक्तिधाम के लिए आरक्षित पर दाह संस्कार के लिए दलित समाज को कोई भी सुविधा मुहैया नहीं कराई गई। जिससे मृतक परिजनों को अंतिम संस्कार करने के लिए आज भी परेशान हो रहे हैं।

वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र कोरी ने बताया कि जहां पर मुक्तिधाम के लिए तालाब के पास पहाड़ी पर शासकीय जमीन तो हैं, लेकिन वहां पर मंजूरी के बाद भी अभी-तक नगर परिषद द्वारा मुक्तिधाम बनाया ही नहीं गया हैं। ऐसी स्थिति में वार्ड के शोकाकुल परिवारों को अंतिम संस्कार करने में काफी जद्दोजहद करना पड़ती है। वहीं बारिश के सीजन में तो उनकी परेशानी और अधिक बढ़ जाती है।

बारिश के सीजन में शुक्रवार को वृद्ध महिला का तिरपाल लगाकर अपने मृतक के परिजनों ने अंतिम संस्कार करना पड़ा। वहां पहुंचने के लिए लिए पक्का मार्ग तक नहीं हैं। जिससे टीनशेड नहीं, खुले मैदान में तिरपाल तान कर किया अंतिम संस्कार

नगर के वार्ड पार्षद ब्रजेश कुमार अहिरवार बताते हैं कि टीन शेड के लिए मेरे द्वारा तत्कालीन सीएमओ और वर्तमान सीएमओ को तीन बार लिखित में आवेदन दिए गए। वहीं वार्ड वासियों ने तीन से चार बार तत्कालीन नपाध्यक्ष को अवगत कराया। स्थिति यह है कि जब भी बारिश होती है तो लोगों को अंतिम संस्कार तिरपाल लगाकर करना पड़ता है।

### इनका कहना है

– इस समस्या के लिए मौके पर जाकर लोगों से बात करेंगे और शीघ्र ही यहां पर मुक्तिधाम का निर्माण कराने की व्यवस्था की जाएगी।

**अरविंद कुमार तिवारी,**
**सीएमओ नप खरगापुर**

### वॉटर बाइक का मजा भी ले सकेंगे टूरिस्ट

# महेंद्र सागर तालाब में वॉटर स्पोर्ट्स शुरू, बोट से लेकर जेट स्की तक की सुविधा

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महेंद्र सागर तालाब में वोट क्लब की शुरुआत की गई है। शनिवार को कलेक्टर विवेक श्रोतिय, एसपी मनोहर मंडलोई और नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने पूजा-अर्चना के साथ क्लब का उद्घाटन किया।

झांसी की एक कंपनी को इस प्रोजेक्ट का ठेका दिया गया है। तालाब में स्लो बोट राइड, स्पीड बोट राइड, जेट्स्को राइड, बनाना राइड और सोफा राइड जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यात्रियों के लिए 12 सीटर और 8 सीटर बोट की व्यवस्था की गई है। साथ ही वॉटर बाइक का भी आनंद लिया जा सकेगा।

कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने कहा कि अगर प्रोजेक्ट सफल रहा तो जिले के अन्य तालाबों में भी इस तरह की गतिविधि शुरू की जाएगी। ताकि जिले के पर्यटन को बढ़ावा मिले। पूर्व विधायक राकेश गिरी ने कहा कि प्रशासन की इस फाइल से निश्चित तौर पर जिले में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर पैदा होंगे। पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने कहा कि टीकमगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास से जिला पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो जाएगा । नगर पालिका सीएमओ ने बताया कि यह सेवा अभी 3 महीने के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। बोट क्लब के आसपास खाने-पीने की दुकानें भी खोली जाएंगी।







पिछले सप्ताह कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में जिले के पर्यटन स्थलों के विकास की योजना बनाई थी।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार, भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, पूर्व विधायक राकेश गिरी, केके श्रीवास्तव, पूर्व बैंक अध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूनम जायसवाल, रविंद्र श्रीवास्तव, अभिषेक खरे, नीतू द्विवेदी, रविकिरण त्रिपाठी, आरके पस्तोर, अनुपम दीक्षित,संध्या सोनी सहित शहर के लोग मौजूद रहे ।

## एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार ने यात्री प्रतीक्षालय से हटाई दुकान



**खबर का असर**

**आष्टा, देशबन्धु।** नगर सहित विभिन्न ग्रामीण चौराहों पर शासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु यात्री प्रतीक्षालय बनाए ताकि बसों के इंतेजार करते समय लोगों को बारिश, गर्मी से बचने के लिए प्रतीक्षालय में बैठ सकें, लेकिन अधिकांश प्रतीक्षालय में लोगों ने कब्जा कर दुकान लगा रखी थी तो कुछ प्रतीक्षालय के हवा में शेड उड़ गए थे और गंदगी के आभाव में लोग नहीं बैठ पाते थे।

अव्यवस्थित प्रतीक्षालय की खबर प्राथमिकता के साथ प्रकाशित की गई थी जिसकों संज्ञान में लेकर एसडीएम नितिन कुमार टाले ने तहसीलदार को प्रतीक्षालय के अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये थे जिसका पालन करते हुए तहसीलदार रामलाल पगारे तत्काल पुलिस के साथ मौके पर पहूंचे और डाबरी जोड़ पर बने यात्री प्रतीक्षालय में लगी दुकान तत्काल हटाई गई ।

प्रशासन की सक्रियता के चलते अब लोगों को यात्री प्रतीक्षालय का लाभ मिलेगा। नगर सहित क्षेत्र के अभी और भी प्रतीक्षालय के चद्दर शेड उड़े हुए है, आसपास गंदगी व्याप्त है इस और कार्य करने की आवश्यक्ता है।

डाबरी जोड़ के यात्री प्रतीक्षालय पर दुकान लगाकर कब्जा कर लिया था जिसे हटा दिया गया है।

**रामलाल पगारे,**
**तहसीलदार**

## सार समाचार

### अवैध शराब विक्रय पर हटा थाना पुलिस की कार्रवाई



**दमोह देशबन्धु।** दमोह.पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत हटा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्रो में विभिन्न गांव में दबिश देकर अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की है.हटा थाना पुलिस ने यशवंत कुर्मी निवासी रसोटा से 43 पाव सफेद शराब, मनोज रैकवार बोरीकला से 26 पाव प्लेन शराब, विक्रम सिंह लोधी निवासी लुहर्रा से 30 पाव लाल शराब, गोविंद सिंह निवासी लुहारी से 21 पाव शराब, यशवंत सिंह निवासी लुहारी से 22 पाव देशी शराब और धर्मेंद्र अहिरवार निवासी मझगंवा से 42 पाव लाल मशाला शराब इस प्रकार कुल 184 पाव देशी शराब जब्त की गई जब्त शराब की कीमत करीब 18000 बताई गई है, हटा थाना पुलिस ने सभी आरोपियों पर 34 आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं.हटा थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस ने छापामार कार्यवाही की है, कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक पवन तिवारी, प्र.आरक्षक तुलसीराम, पवन कुमार, लोकेश, रत्नेश, जितेंद्र और पायलट की भूमिका रही।

### दुकानदारों की लाखों की बिक्री पर पक्का बिल नहीं

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** नगर में बहुत से ऐसे प्रतिष्ठान खुलें है जहां लाखों रूपए की प्रतिदिन बिक्री हो रही पर ग्राहकों को सादे कागज पर पैसे जोड़कर बता दिया बस हो गया किसी भी दुकानदार द्वारा ग्राहकों को पक्का बिल नही दिया जा रहा है। जीएसटी व सेल टैक्स के अधिकारी द्वारा भी कभी कार्यवाही नहीं की जाती जिससे सब अपनी अपनी मनमानी करते रहते या फिर कहें तो सब कुछ मिलीभगत से चल रहा हो मगर जब जब जिलें में कहीं कार्यवाही होती है तो इतना जरूर करते हैं कि उस समय अपनी दुकान बंद कर लेते हैं ताकि अगर कोई अधिकारी आकस्मिक निरीक्षण करने आ भी जाए तो प्रतिष्ठान बंद देखकर चला जाएगा। टैक्स ग्राहकों से तो लिया जाता है। हर दुकानदार द्वारा पर क्या वह ईमानदारी से शासन को अदा कर रहा इसकी भी तो जांच होना चाहिए। हर विभाग में निगरानी के लिए अधिकारी नियुक्त हैं पर यहां देखकर ऐसा लगता है जैसे कोई हो नही।

### नगर परिषद अध्यक्ष के स्वस्थ होने की कामना

**सांची, देशबन्धु।** नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम के भोपाल एक निजी अस्पताल में भर्ती होने पर नगर के लोगों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है। बताया जाता हैं कि उनके हाथ का आपरेशन हुआ है इस कारण उन्हें भोपाल के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। नगर के समाज सेवी कमलकिशोर पटेल, पार्षद विवेक तिवारी देवेन्द्र तिवारी, महिपत शर्मा, मुशर्रफ कुरैशी सहित अनेक लोगों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

संयुक्त संचालक ने किया विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण

# एक दर्जन से अधिक शिक्षक अनुपस्थित सभी को कारण बताओं नोटिस

**दमोह देशबन्धु।** सागर संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी के द्वारा विद्यालयों को निरीक्षण करने की सख्त निर्देश दिए गए हैं इसी परिपेक्ष में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग मृत्युंजय कुमार के द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहे हैं। उन्होंने दमोह जिले की तीनों विद्यालय का निरीक्षण किया जिनमें एक दर्जन से अधिक शिक्षक बगैर सूचना की अनुपस्थित पाए गए उनको कारण बताओं नोटिस जारी किए गए हैं और साथ ही कड़ी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। संयुक्त संचालक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि शिक्षा में सुधार के लिए एवं विद्यालयों की व्यवस्थाओं को देखने के लिए संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी के द्वारा निर्देशित किया गया है। इसी परिपेक्ष में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांसा कला पथरिया का निरीक्षण किया गया। जिसमें 15 नियमित शिक्षकों में से मात्र चार शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। इसी प्रकार प्राचार्य




एवं शिक्षकों के द्वारा कैचमेंट स्कूल के 98 विद्यार्थियों का प्रवेश भी नहीं दिलाया गया उपस्थित भी अत्यंत खराब थी दैनिक डायरी का संधारण भी शिक्षकों द्वारा नहीं किया जा रहा था। अभ्यास कार्य एवं कार्यकारी भी नहीं कराई जा रही थी। उन्होंने बताया कि जो अनुपस्थित शिक्षक हैं उनमें नर्मदा प्रसाद अहिरवार तीन दिन से, अखंड प्रताप सिंह चार दिन से, धर्मेंद्र चौबे दो दिन से एवं भगवानदास चौरसिया, रामदेवी चौरसिया, भारत सिंह ठाकुर, विजय गुप्ता, शिशुपाल चौधरी एक दिन से बगैर सूचना की अनुपस्थित पाए गए सभी को कारण बात नोटिस जारी किए गए हैं।

इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केरबना का निरीक्षण किया गया जिसमें तीन शिक्षकों में से दो शिक्षक उपस्थित पाए गए जबकि एक शिक्षक दमोह में प्रशिक्षण के लिए गए हुए पाए गए, उन्होंने बताया कि विद्यालय में साफ सफाई की कमी थी दैनिक डायरी अभ्यास कार्य प्रयोग के कार्य नहीं किया जा रहे थे इस विद्यालय का विगत वर्ष का कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम 30% से कम था उसके बाद भी परीक्षा परिणाम सुधारने के कोई प्रयास प्राचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा नहीं किया जा रहा है। विद्यालय की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए सभी को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए हैं। संयुक्त संचालक मृत्युंजय कुमार ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरिया दमोह का निरीक्षण किया जहां कक्षा विधिवत संचालित पाई गई एवं सभी शिक्षक एवं अतिथि शिक्षक शिक्षण कार्य करते पाए गए। विद्यालय में 28 शिक्षकों में से पांच शिक्षक अवकाश पर थे जिनका अवकाश आवेदन पत्र मौजूद था। उन्होंने बताया कि संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी की निर्देश पर लगातार विद्यालयों का निरीक्षण जारी रहेगा।

## नवविवाहिता घर से लाखों के जेवर लेकर हुई फरार ससुराल पक्ष ने कराया मामला दर्ज

दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु। जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंदोपहाड़ में एक नवविवाहित जिसका एक माह पूर्व ही विवाह हुआ था वह अचानक शुक्रवार को दोपहर लाखों के जेवर लेकर फरार हो गई जानकारी लेने पर फरार महिला मोहिनी के पति राहुल ने बताया कि हमारी शादी करीब एक माह से अधिक समय ही हुआ है। हमारी पत्नी अचानक शुक्रवार को घर से लाखों के जेवर जिसमें सोने का पांचाली कीमत पचास हजार, सोने की चूड़ियां चार एक लाख पचास हजार, सोने का हार एक तोला, कमरबंद 500 ग्राम चांदी, सोने की बेंदी 500 ग्राम, चांदी की पायल आदि की हमने तेजगढ़ थाने में जानकारी देकर मामला कायम कराया है।

इस संबंध में जयंती अहिरवार जो फरार होने वाली महिला की फुआ सास ने बताया कि कोई परेशानी न होने के बाबजूद बहु लाखों के जेवर लेकर फरार हो गई। जिसमे उसके मायके वालों को भी दुख है। चुंकि उसके मायके वाले दिल्ली में मजदूरी कर रहे है इससे लगता है कि वह किसी की मिलीभगत हो सकती है। वह अपना मोबाइल न ले जाकर पति राहुल का मोबाइल ले गई वह भी बंद आ रहा है।

## खड़ेरी में विद्यार्थियों को की साईकिल वितरण



**दमोह देशबन्धु।** सरकार द्वारा सबसे पहले साइकिल वितरण का कार्य इस बार सही समय पर स्कूल खुलने के साथ-साथ प्रारंभ हो गया, यह व्यवस्था बहुत अच्छी हैं। साईकिल वितरण करने पर सरकार की मंशा परिवार के लोगों पर खर्च का बोझ ना पड़े और छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक सुविधाएँ सरकार दे सके, सरकार इसका प्रयास कर रही है। सरकार कटिबद्ध है, यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इस योजना के अंतर्गत एक गांव से दूसरे गांव को जाने वाली बेटी को साईकिल सरकार द्वारा प्रदान की जाती है, जिससे बेटी को पैदल ना आना पड़े। इस आशय की बात प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़ेरी में आयोजित निरूशुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यापर्ण कर की गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे ने विद्यार्थियों को पढ़ने सबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिसर में राज्यमंत्री पटेल ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत आम का पौधा रोपित किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, शिक्षकगण, विद्यार्थीगण, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर के निर्देश पर सड़कों से गौवंश हटाने की कार्रवाई जारी



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश का जिम्मेदारीपूर्वक अनुपालन किया जा रहा है। जिले के मुख्य मार्गों व बाजारों में आवागमन के रास्तों पर भटकते पशुओं को पकड़कर सुरक्षित रूप से गौशाला विस्थापित किया जा रहा है। जिला कलेक्टर द्वारा विगत दिवस अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि पन्ना जिले के समस्त मुख्य मार्गों से पशुओं को प्रमुखता से हटाया जाए एवं सुरक्षित रूप से उन्हें निकटतम गौशालाओं, गौ संरक्षण केन्द्रों आदि में विस्थापित किया जाए। जिसके अनुपालन में जिले के मुख्य मार्गों, चौराहों, बाजारों से आवारा एवं घुमक्कड़ पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है। नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा शनिवार को शहर की सड़कों पर हांका लगवाकर लगभग 100 गौवंश को गौशाला भिजवाया गया। इस क्रम में पहाड़ीखेरा मार्ग से भी बड़ी संख्या में गौवंश के विस्थापन की कार्रवाई की गई। इसके अलावा अजयग? एवं गुनौर क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर भी गौवंश को सुरक्षित आश्रय स्थल भेजा गया।

## नशामुक्ति अभियान के तहत उत्कृष्ट स्कूल में छात्र-छात्राओं से किया संवाद



**दमोह देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत दमोह पुलिस विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर पटेरा थाना प्रभारी सरोज सिंह ठाकुर ने उत्कृष्ट स्कूल पटेरा मे नशामुक्ति अभियान के तहत छात्र-छात्राओं से संवाद किया और विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारियां दी। थाना प्रभारी ने स्कूल के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनसे नशा मुक्ति की अपील की और नशे से समाज और व्यक्ति के जीवन मे होने वाली समस्याओं सामाजिक बुराइयों को बताया, थाना प्रभारी सरोज सिंह ने साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट ,सहित विभिन्न अपराधों की जानकारी देते हुए सतर्क रहने की सलाह दी और शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के विषय में भी जानकारियां दी, थाना प्रभारी ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा 15 जुलाई से 31 जुलाई तक नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत उत्कृष्ट स्कूल में विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें विभिन्न जानकारियां दी गई है।

## व्यापारी ने लेन देन को लेकर की मारपीट

**दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु।** तेन्दूखेड़ा अंतर्गत पैसों के लेन देन पर युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकरी अनुसार अट्ठी रैकवार को तेंदूखेड़ा के ही हक्के जैन खमरिया वाले ने शाम करीब 7 बजे घर बुलाकर उसे लाठी डंडो से खूब मारपीट कर घायल कर दी। उसके परिवार के लोगो के द्वारा तेंदूखेड़ा थाने ले जाया गया जहां पर अट्ठी रैकवार ने खुद के ऊपर हुए हमले की जानकारी पुलिस को सुनाई मगर तेंदूखेड़ा पुलिस ने उसके शरीर पर चोटों के निशान नही दिखाई दिए पुलिस के द्वारा साधारण धारा 155 के तहत सादी रिपोर्ट लिख दी और अस्पताल ले जाकर मुलायजा करवा दिया।



इस संबंध में अट्ठी रैकवार ने बताया कि उसको हक्के जैन के 50 हजार रुपये देने थे इतनी राशि का सामान उसने उसकी दुकान से लोहा, सीमेंट उठाया था मेने धीरे धीरे करके 45 हजार रुपये दे दिए थे। बाकी पैस 5000 रूपये देने बाकी थे। दिनाक 18/7/25 की शाम को हक्के जैन के घर के सामने से गुजरा जहा पर यह अपनी दुकान के सामने बैठा था इसने कहा कि मेरे पैसे दे दो नही तो जान से मार देंगे। मेने कहा कि आपने मेरे घर जाकर जो हरकत की है उसका क्या इतना सुनकर वह मुझे घर के अंदर ले गया और पास में रखी लोहे की राड से मुझे खूब मारा। जिसके निशान मेरे शरीर पर मौजूद हैं। मेने सारी हकीकत तेंदूखेड़ा पुलिस को बताई मगर उन्होंने मारपीट की धाराएं नही लगाई सिर्फधारा 155 के तहत रिपोर्ट लिखी हैं जबकि मुझे इलाज की जरूरत है।

### इनका कहना-

पैसे भी नहीं दे रहा था और कल जैन के घर शराब पीकर जाकर हंगामा किया, इसलिए जैन द्वारा मार पीट की गयी थी। एक्सरे रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

**नितेश जैन**
**थाना प्रभारी तेंदूखेड़ा।**

## धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को भोपाल से किया गिरफ्तार

**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस ने व्यापारिक धोखाधड़ी के एक महत्वपूर्ण मामले में सक्रियता और तकनीकी दक्षता के आधार पर राजधानी भोपाल से मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले मे फरियादिका द्वारा थाना अमानगंज में एक लिखित आवेदन दिया गया, जिसमें बताया गया कि वह निर्मल फरूड इंडस्ट्रीज़, ग्राम द्वारी, तहसील अमानगंज, जिला पन्ना के नाम से आटा उत्पादन का कार्य करती हैं। उन्होंने सोनी इंटरप्राइजेस भोपाल (प्रो. मोग्ली सोनी) से अनुबंध के तहत दिनांक 17.06.2024 को 500 बैग आटा (कीमत 3,45,000) ट्रांसपोर्ट के माध्यम से भेजा था। अनुबंध के अनुसार भुगतान 7 दिन में किया जाना था, परंतु आरोपी ने माल प्राप्त करने के बाद भुगतान नहीं किया और फरार हो गया। फरियादिका की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना अमानगंज में भारतीय न्याय संहिता के तहत धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया। मामले मे पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई। उक्त पुलिस टीम द्वारा आरोपी की लगातार तलाश पतारसी की गई एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए संपर्क सूत्रों की गहन पूछताछ की गई, आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप आरोपी मोग्ली सोनी पिता गोविंद सोनी उम्र 30 साल निवासी सेक्टर नम्बर बी/2/51 साकेत नगर डीआरएम रोड हुजुर भोपाल को भोपाल से हिरासत में लेकर विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से जप्त सामग्री- 16 हजार रुपये नगदी जप्त की गई है। मामले मे थाना प्रभारी अमानगंज निरी. माधवी अग्निहोत्री, थाना स्टॉफ एवं सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा।

## नया मुक्ति और यातायात नियमो के प्रति आमजन को किया जागरूक




**पन्ना, देशबन्धु।** प्रदेश स्तर पर मध्य प्रदेश पुलिस द्वरा ''नशे से दूरी है जरूरी'' जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है । संचालित नशा मुक्ति जागरूकता अभियान अतंर्गत पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह चौहान व अनुविभागीय अधिकारी एस.पी.सिंह बघेल के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक श्रीमती नीलम लक्षकार व यातायात पुलिस स्टाफ के द्वारा बस स्टैण्ड , डायमण्ड चौराहा , पन्ना छतरपुर बाईपास मार्ग पर पोस्टर / बैनर, पम्पलेट वितरण कर आमजन मानस को नशा दूरी बनाने व नशा न करने की समझाईश नशा न करने शपथ दिलाई गई।

साथ ही बताया गया कि तेजगति गति से वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन चालन, ब्रेकिंग डिस्टेन्स न रखना, गलत तरीके से ओवरटेक करना, बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते वाहन चलाना, ओवरलोडिंग वाहन एवं खराब सड़के रोड एक्सीडेन्ट के लिए जिम्मेदार है। इनसे बचने के लिए यातायात नियमों का पालन कर निर्धारित गति में वाहन चालन, हेलमेट, सीटबेल्ट जैसे इक्युमेण्ट का उपयोग करना चाहिए तथा राहगीर योजना सें संबंधित बिस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राहवीर योजना के तहत वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को गोल्डन आवर में नजदीकी अस्पताल, ट्रामा सेंटर पहुंचाकर मदद करने वाले व्यक्तियों को सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्रालय द्वारा 25 हजार रुपए नगद राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिए जाने के प्रावधान है।

## मच्छरों का प्रकोप : तकनीशियन के अभाव में बेकार पड़ी फॉगिंग मशीनें

**सांची, देशबन्धु।** नगर में इन दिनों मच्छरों की संख्या बढ़ रही है। पूर्व में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव और फॉगिंग मशीनों का उपयोग नियमित रूप से होता था, परंतु अब न तो छिड़काव किया जा रहा है और न ही फॉगिंग मशीनें चलाई जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद द्वारा दो बार फॉगिंग मशीन खरीदी गई, लेकिन तकनीशियन के अभाव में उनका उपयोग ही नहीं हो पाया, जिससे नागरिक मलेरिया, डेंगू और अन्य बीमारियों के डर से जीने को मजबूर हैं। हर वर्ष बारिश से पूर्व नगर में तैयारियों के दावे किए जाते हैं, परंतु पहली बारिश में ही सड़कों की हालत खराब हो जाती है। कई मोहल्लों में जलनिकासी की व्यवस्था न होने से दलदल जैसी स्थिति बन जाती है। यही नहीं, नगर की प्रकाश व्यवस्था भी बदहाल है अनेक क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें महीनों से बंद पड़ी हैं। **निर्माण कार्य तकनीशियन के बिना।**



नगर में भवन, नालों और सड़कों के निर्माण कार्य तो जारी हैं, परंतु इनकी निगरानी के लिए कोई तकनीकी अधिकारी मौजूद नहीं है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की निगरानी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के भरोसे की जा रही है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है।

**बिजली व्यवस्था भी भगवान भरोसे**

नगर परिषद कार्यालय में बिजली तकनीशियन का अभाव है। बिजली से जुड़े काम भी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के हवाले हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्रशासन इस ओर भी उदासीन है।

**कर्मचारियों की कमी**

कार्यालय में अधिकांश शाखाओं में प्रभारी अधिकारियों की कमी है। स्वीकृत पदों के मुकाबले कर्मियों की संख्या काफी कम है, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है। अन्य कर्मचारियों को अतिरिक्त कार्यभार वहन करना पड़ रहा है।

## बारिश के 4 माह काला पानी की सजा जैसे बीतते हैं

### बाहरी दुनिया से संपर्क न के बराबर हो जाता है

पन्ना, देशबन्धु। पन्ना जिले की पवई जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत हथकुरी का गांव पिपरिया आज भी बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से तो जूझ ही रहा है, हालत यह है यहां सड़क तक नहीं है। तकरीबन 2 सौ की आबादी वाले इस ग्राम के ग्रामीण बरसात में हलाकान हो जाते हैं। अन्य सुविधाओं की बात तो छोड़ ही दीजिए, जीवन उपयोगी इलाज भी जरुरत पड़ने पर ग्रामीणों को नहीं मिल पाता। इसलिए तो यहां के ग्रामीण कहते हैं कि बारिश के 4 माह उनके लिए कालापानी की सजा जैसे बीतते हैं। ग्राम के चारों तरफ पानी और कीचड़ की खबना भरे रास्तों पर दुपहिया, चार पहिया वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना तक दुश्वार हो जाता है। उनका







बाहरी दुनिया से संपर्क न के बराबर होता है, जिसकी वजह है। बस्ती तक पहुंच मार्ग का न होना। ग्राम आज भी पहुंच मार्ग से वंचित है। गांव में यदि कोई बीमार होता है तो उन्हें कंधों या डोली के सहारे ही अस्पताल तक जाना पड़ता है।

बता दें कि इस बस्ती में लगभग एक दर्जन विद्यार्थी हैं, जो बरसात के दिनों में पहुंच मार्ग न होने की वजह से विद्यालय नहीं जा पाते। ग्राम की महिला सुमित्रा वंशकार ने बताया कि गांव में सड़क मार्ग न होने से वाहन न आने के कारण मेरे बीमार पति की मौत भी बीते महीनो पहले हो चुकी है। ग्राम की गर्भवती महिलाओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्राम में आज भी कई बुजुर्ग ऐसे हैं, जिनकी सड़क को देखने के लिए आंखें तक पथरा गई हैं, और आज तक उन्हें सड़क मार्ग नसीब नहीं हुआ। ग्राम की 65 वर्षीय बुजुंग हक्की बाई को परिजनों द्वारा डोली में बैठाकर अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया। कई बार शासन प्रशासन से ग्रामीणों द्वारा पहुंच मार्ग के लिए आवेदन दिया गया, लेकिन उसके बाद भी आज तक सड़क जैसी मूलभूत सुविधा नहीं मिली। सोचने वाली बात यह है कि विकास के लाख दावे करने वाली सरकार क्या उन्हें इन ग्रामीणों का दर्द नहीं दिखता क्या ग्रामीणों को सड़क नसीब होगी और कब तक होगी यह देखने वाली बात है। वहीं जब इस मामले को लेकर जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आप लोगों के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है बरसात में वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी ताकि आवागमन हो सकें, वर्षा उपरांत जिला पंचायत में प्रस्ताव पारित कराके सड़क मार्ग निर्माण की कार्रवाई की जाएगी।

# सोने की मूर्ति समझ चोर बेचने गए, सुनार ने दी पुलिस को सूचना

## शाहगढ़ के मां दुर्गा की मूर्ति के चोर घुवारा में पकड़े, पुलिस का दावा, कई चोरियों का हो सकता है खुलासा



**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर के भगत सिंह वार्ड स्थित हिंगलाज माता मंदिर में बीती रात अज्ञात चोर मंदिर के गेट का ताला तोड़ कर धातु से बनी विराजी दुर्गा माता की मूर्ति को चुरा ले गये। शनिवार की सुबह पुजारी बालकिशन यादव मंदिर आये तो देखा ताला टूटा हुआ बाहर पड़ा हुआ था, मंदिर के अंदर जाकर देखा तो पीतल धातु से बनी मां दुर्गा की मूर्ति और पीतल के बर्तन गायब थे। इसके अलावा चोरों ने वही पास ही कलू बरेठी की रखी चाय किराना दुकान की गुमटी के ताले भी तोड़े लेकिन वहां से चोर कुछ भी नही ले गये। मंदिर से मूर्ति की चोरी होने से भक्तों में रोष व्याप्त हो गया और पुजारी के साथ कई भक्त शाहगढ़ पुलिस थाने जाकर चोरी का मामला दर्ज कराया। डेढ़ किलों वजनी पीतल धातु से बनी दुर्गा माता की मूर्ति को सोने की समझ कर चोर चुरा कर ले गये।

चोरी के दूसरे दिन शनिवार को चोरी कि गई मूर्ति को बेचने घुवारा में एक सुनार की दुकान पर गये, मूर्ति को सोने की बता रहे युवकों को देखकर ही सुनार सब कुछ मामला समझ गया और जांच करने के बहाने उसने घुवारा चौकी की पुलिस को सूचना दे दी, इधर मूर्ति की जांच कराई तो मूर्ति भी पीतल की निकली। दुकानदार की सूचना पर घुवारा पुलिस ने तत्परता दिखाई और फोरन ही उसे हिरासत में लेकर चौकी में लाया गया। पुलिस के पूछताछ में उन्होंने शाहगढ़ स्थित माता मंदिर से चोरी करना कबूला। घुवारा और शाहगढ़ पुलिस ने दावा किया है कि विभिन्न स्थानों पर पहले हुई चोरियों का खुलासा हो सकता है। फिलहाल पुलिस पूछताछ करने का हवाला देकर मीडिया को कुछ भी जानकारी नहीं दे रही हैं।

### मां सिंहवाहिनी के आभूषण और दानपेटी से नकद ले गए चोर



जिले के देवरी थाना क्षेत्र के बंधाघाट पर स्थित शिव दुर्गा मंदिर में शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने सेंध लगा दी। चोर चैनल गेट का ताला तोड़कर मंदिर में घुसे और माता सिंहवाहिनी की मूर्ति पर चढ़े जेवरात और दानपेटी में रखी नकद राशि चोरी कर ले गये। जानकारी के मुताबिक मंदिर के पुजारी संतोष पांडे रोज की तरह रात में मंदिर में ताला लगाकर घर चले गये थे। शनिवार सुबह जब वे मंदिर पहुंचे तो चैनल गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाने पर देखा कि खिड़की के ताले भी खुले हैं और दानपेटी भी टूटी हुई है। पुजारी ने बताया कि चोर मंदिर से मां का मंगलसूत्र, सोने की बालियां, चांदी की पायलें और दानपेटी में रखी नकद राशि समेत अन्य सामान ले गए हैं। चोरी की सूचना मिलते ही देवरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीओपी शशिकांत सरयाम और थाना प्रभारी मीनेश भदोरिया ने मौके का निरीक्षण किया। साथ ही सागर से एफएसएल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम को बुलाया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट और अन्य सुराग जुटाये हैं। पुजारी के मुताबिक मंदिर में इससे पहले भी दो बार चोरी हो चुकी है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि आसपास के सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जायेगा।

## विधायक ने नपा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**मकरोनिया, देशबन्धु।** विधायक प्रदीप लारिया ने नपा मकरोनिया क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण नपा द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति और गुणवत्ता की जांच करने के लिये किया गया। विधायक ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के साथ बातचीत की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा और गुणवत्ता मानकों के अनुसार पूरे किये जाये। उन्होंने नपा मकरोनिया अंतर्गत अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत सबरी सरोवर झील का रिन्युवेनेशन, पुनरूद्धार कार्य एवं वार्ड क्र.4, गंभीरिया में इंडोर स्टेडियम एवं बाउंड्रीबाल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष मिहिलाल सहित पार्षद नपा के अधिकारी कर्मचारी एवं कार्यदायी एजेंसी उपस्थित रहे।

## फिंगरप्रिंट तकनीक से अपराधों के खुलासे को मिलेगी रफ्तार प्रशिक्षण संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा के मार्गदर्शन में अपराध अनुसंधान की दक्षता बढ़ाने हेतु पुलिस कंट्रोल रूम में अंगुल चिन्ह फिंगरप्रिंट से संबंधित विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन कार्यवाहक निरीक्षक एसएल चौधरी एवं सहायक रविन्द्र सिंह राजपूत द्वारा किया गया। इस अवसर पर पदस्थ विवेचक एवं आरक्षक मददगारों को नेफिस प्रणाली, एमसीयू तथा अज्ञात मृतकों के फिंगरप्रिंट सर्च करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिले के 20 थानों से कुल 35 पुलिसकर्मी विवेचक व आरक्षक मददगार उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को मौके पर प्रायोगिक अभ्यास कराया गया ताकि वे व्यवहार में तकनीकी जानकारी का कुशल उपयोग कर सकें। फिंगरप्रिंट तकनीक अपराधों के खुलासे में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कई जघन्य अपराध केवल फिंगरप्रिंट साक्ष्य के माध्यम से ही सुलझाये गये। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल को आधुनिक अपराध अनुसंधान विधियों से सशक्त बनाना एवं अपराधों के शीघ्र व सटीक खुलासे को सुनिश्चित करना रहा।

## तुलसी फाउंडेशन सागर की कावड़ यात्रा की बैठक आज

**सागर, देशबन्धु।** तुलसी फाउंडेशन सागर की कावड़ यात्रा की तैयारी को लेकर आज रविवार को दोपहर 3 बजे भोपाल रोड स्थित सरस्वती मैरिज गार्डन में पं. केशव गिरी के मार्गदर्शन में बैठक आयोजित की गई है। कावड़ यात्रा के संयोजक हरिराम सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रतिवर्ष श्रावण मास में निकलने वाली तुलसी फाउंडेशन की कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन इस वर्ष भी किया जा रहा है। कथावाचक पं. केशव गिरी यात्रा को भव्य दिव्य गरिमामय बनाने मार्ग प्रशस्त करेंगे। बैठक में अभी तक हुई तैयारियां के संबंध में चर्चा होगी और यात्रा को और भव्यता देने के संबंध विचार विमर्श किया जायेगा। तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के अध्यक्ष प्रदीप राजौरिया ने समस्त धर्मप्रेमी बधुओं एवं शिवभक्तो से वेठक शामिल होने की अपील की है।

## कार्रवाई : अवैध रूप से स्टॉक में रखा खाद, भंडार केंद्र को किया सील

### अधिक कीमत पर भी बेचा जा रहा था खाद



**सागर, देशबन्धु।** एसडीएम अदिति यादव के द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से भंडारण करने पर खाद भंडार केंद्र को सील किया और आगे की पुलिस कार्यवाही की जा रही है। एसडीएम ने बताया कि शनिवार को शाहपुर में संयम जैन के द्वारा शाहपुर में, सत्यम टेंडर्स के द्वारा अपने दुकान के भंडारण कमरों में डीएपी, पोटाश का भंडारण किया गया है। विक्रेता के पास 500 बोरी से अधिक डीएपी एवं 50 बोरी से अधिक यूरिया का अवैध भंडारण पाया गया, साथ ही विक्रेता के द्वारा यूरिया 266 रुपये कीमत वाली यूरिया 450 रुपये से अधिक की कीमत में बेचना भी पाया गया। उक्त फर्म अधिकृत विक्रेता है किंतु भंडारण में पाई गई खाद के आवक की रसीदें नहीं है तथा श्रोत से भेजी गई खाद का कोई प्रमाण नहीं है। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी के साथ राजस्व, कृषि और पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा कार्यवाही की गई।

## कावड़ यात्रा का किया स्वागत, सावन सोमवार को करेंगे शिवाभिषेक



**सागर, देशबन्धु।** डमरू दल, डीजे और बाबा भोले नाथ के जय कारों के साथ सिविल लाइन स्थित नर्मदेश्वर धाम कावड़ यात्रा नर्मदा जल लेकर बरमान, राजमार्ग से होती हुई देवरी पहुंची जहां कांवड़ियों का भक्तों ने तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा कर के स्वागत किया गया, रात्रि विश्राम देवरी में हुआ। नर्मदेश्वर धाम मंदिर कावड़ यात्रा समिति के सदस्य शशांक पाण्डेय ने बताया कि आज रविवार को कावड़ यात्रा देवरी गौरझामर से होते हुये सुरखी पहुंचेगी। जहां रात्रि विश्राम होगा, बरमान, राजमार्ग, देवरी, गौरझामर, सुरखी से होते हुये तीसरे दिन 21 जुलाई सावन के दूसरे सोमवार को कावड़ यात्रा सागर पहुंचेगी। जहां नर्मदेश्वर धाम मंदिर में पैदल चलकर लाये हुए नर्मदा जल से सावन सोमवार को कांवड़िये शिव का जल अभिषेक करेंगे। यह वरमान कावड़ यात्रा का नौवां वर्ष है।

## स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान के संबंध में जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** जिले में स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान के लिये जिला कलेक्टर कार्यालय में सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में जिला टास्क की बैठक संपन्न हुई। सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी, डीएचओ डॉ. पी आर्या, सिविल सर्जन डॉ. आरएस जयंत, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विपिन खटीक, डीपीएम आशुतोष, डीसीएम एवं सभी बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम, महिला बाल विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सीईओ द्वारा दस्तक अभियान की सफल क्रियान्वयन के लिये विभागों में आपसी सहयोग स्थापित करने हेतु निर्देश दिये। सीईओ द्वारा सभी बीएमओ को माइक्रो प्लान के अनुसार सभी पांच साल से कम उम्र के बच्चों को अभियान में प्रदत्त सभी सेवायें देने के लिये निर्देश दिये और शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के लिये निर्देश दिये ताकि कोई बच्चा स्वास्थ सेवाओं से वंचित न रहे। सीएमएचओ डॉ. तिमोरी द्वारा सभी बीएमओ, बीपीएम बीपीएम को सघन सुपरविजन एवं मॉनिटरिंग करने के लिये निर्देश दिये ताकि अभियान की प्रभावशीलता सुनिश्चित हो और जिले में शिशु मृत्यु दर को काम किया जा सके।

**▸ जिले में प्रथम चरण में 5 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों की होगी जांच**

## विकासखंड स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** दिल्ली पब्लिक स्कूल मकरोनिया में शनिवार को विद्यालय में विकासखंड स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। जिसमें सागर शहर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 10 बजे मुख्य अतिथि महेश अहिरवार क्रीड़ा अधिकारी जिला शिक्षा विभाग, नवीन तिवारी क्रीड़ा अधिकारी विकासखंड शिक्षा विभाग, विद्यालय के डायरेक्टर इंजी. ऋतुल सराफ एवं प्राचार्य जिजीश जोसफ ने दीप प्रज्वलकर प्रतियोगिता को प्रारंभ किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और आत्मरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुये प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। प्राचार्य जोसफ ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि कराटे केवल खेल ही नहीं बल्कि इससे छात्रों मे आत्मविश्वास, दृढ़ता, आत्मरक्षा और ध्यान केन्द्रित जैसी शक्ति विकास होता है। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग 14 से 19 वर्ष के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने अपनी निष्ठा, लग्न और खेल भावना का अच्छा प्रदर्शन किया। जिसमें खिलाड़ियों ने कराटे की विभिन्न तकनीकों में से एक तकनीक कुमीते में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सागर शहर के चार विद्यालय डीपीएस मकरोनिया, डीपीएस सागर, सेंट मैरी और ग्रेट मैन विद्यालय के लगभग 50 प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के रेफरी अमित जैन डीपीएस सागर, सेंसाई रतनदीप डीपीएस मकरोनिया, कृष्णा सिंह द्वारा बहुत बारीकियों और निष्पक्षता से निर्णय किया गया। अंत में जिलास्तरीय पर चयनित छात्राओं के लिये विद्यालय परिवार की ओर से उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इसके अतिरिक्त 18 जुलाई को शास. हाईस्कूल कुडारी, गढ़पहरा, सागर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में विद्यालय डीपीएस मकरोनिया के छह छात्रों ने भाग लिया। जिनमें से पांच छात्रों का चयन एसजीएफआई के अंतर्गत जिलास्तरीय चैंपियनशिप में प्रतिनिधित के लिये हुआ है। मयंक यादव, आदित्य दुबे, मेघ मिश्रा, आहिल खान, अंश अहिरवार ये चयनित छात्र 23 और 24 जुलाई को बीना में होने वाली जिलास्तरीय कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

## रिश्वत लेने वाले सहायक समिति प्रबंधक को सजा

**▸ धान की पोर्टल पर फीडिंग और पक्की रसीद के एवज में मांगे थे 4 हजार**

**सागर, देशबन्धु।** नया नगर सेवा सहकारी समिति के सहायक समिति प्रबंधक विनोद जैन को रिश्वत लेने के मामले में सागर की विशेष अदालत ने 4 साल के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश शहाबुद्दीन हाशमी की अदालत ने सुनाया। मामले में शासन की ओर से एडीपीओ एलपी कुर्मी ने पक्ष रखा। अभियोजन के अनुसार फरियादी वीरेंद्र साहू निवासी नाहरमऊ ने 12 दिसंबर 2022 को लोकायुक्त एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उसके चाचा मंगल सिंह ने सेवा सहकारी समिति, नयानगर गौरझामर में धान बेचने के लिये पंजीयन कराया था। फरियादी ने बटाई पर ली गई जमीन की धान 9 दिसंबर को खरीदी केंद्र पर तुलाई करवाई थी, जिसमें 73 बोरी में 28 क्विंटल 80 किलोग्राम धान तौली गई। सहायक समिति प्रबंधक विनोद जैन ने धान की कच्ची पर्ची तो दे दी, लेकिन फीडिंग पोर्टल पर दर्ज करने और पक्की रसीद देने के बदले 4 हजार रुपये रिश्वत मांगी। शिकायत की पुष्टि के बाद 16 दिसंबर 2022 को लोकायुक्त टीम ने नयानगर में कार्यवाही करते हुये विनोद जैन को 4 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच पूरी होने के बाद कोर्ट में चालान पेश किया। विशेष न्यायाधीश ने साक्ष्यों और लोकायुक्त की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी विनोद जैन को दोषी मानते हुये 4 साल का सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता बनाये रखने के लिये ऐसे मामलों में कठोर दंड जरूरी है।

## विधायक ने नपा अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा बैठक ली



**मकरोनिया, देशबन्धु।** शनिवार को विधायक प्रदीप लारिया की अध्यक्षता में एवं नपाध्यक्ष मिहिलाल की विशेष उपस्थिति में नपा मकरोनिया अंतर्गत प्रगतिरत विकास कार्यों की समीक्षा बैठक नपा सभाकक्ष में आयोजित की गई। विधायक ने शहर के विभिन्न विकास कार्यों पर विशेष चर्चा की एवं आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में लव कुश मंदिर एवं सामुदायिक भवन निर्माण, शबरी सरोवर झील के पुनरूद्धार कार्य, मकरोनिया चौराहा सौन्दर्यीकरण, भारत माता के पास चौपाटी निर्माण, रिलायंस ट्रेंड्स शोरूम के पास चौपाटी निर्माण एवं शौचालय निर्माण कार्य, वार्ड क्र.4, गंभीरिया में इंडोर स्टेडियम एवं बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य सहित नपा क्षेत्र में विभिन्न वार्डों स्थानों पर नाला निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, टीन सेट एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य, पार्क निर्माण, बीटी रोड, सीसी रोड, आरसीसी नाली निर्माण, रिटर्निंग बाल निर्माण, समुदाय भवन निर्माण सहित आवश्यक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। विधायक ने संचालित विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुये कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण किये जायें तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। विधायक ने समीक्षा बैठक के दौरान अमृत 2.0 योजनान्तर्गत निकाय क्षेत्रान्तर्गत पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने के साथ ही नपा क्षेत्र में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने संबंधितों को निर्देशित किया। बैठक में विभाग के सभापति, पार्षद, नपा सीएमओ, इंजीनियर्स सहित नपा के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एनएच 44 पर चलते कंटेनर में लगी आग



**सागर, देशबन्धु।** नेशनल हाईवे.44 पर शुक्रवार रात एक चलते कंटेनर में अचानक आग लग गई। हादसा चितौरा टोल नाके के पास हुआ। आग इतनी भीषण थी कि पूरे कंटेनर में रखा सामान जलकर राख हो गया। कंटेनर में बैटरियां और वाहन स्पेयर पार्ट्स लोड थे। जानकारी के मुताबिक कंटेनर सागर से नरसिंहपुर की ओर जा रहा था। रात करीब 10 बजे चितौरा टोल नाके के पास कंटेनर से धुआं और आग की लपटें निकलने लगी। यह देख ड्राइवर और कंडक्टर ने तुरंत वाहन रोककर कूदकर अपनी जान बचाई। उन्होंने तुरंत डायल.100 पर कॉल कर पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर फाइटर सुमित चौरसिया, यशवंत राजपूत और शुभम रैकवार मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक कंटेनर में रखी बैटरियां और स्पेयर पार्ट्स पूरी तरह जल चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। कंटेनर में आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि स्पष्ट कारण रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

## विधायक ने आदिम जाति कन्या छात्रावास और जनजाति बालक छात्रावास का किया निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** विधायक प्रदीप लारिया में शनिवार को बड़तूमा स्थित शासकीय अनु.जा. महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास सह सीनियर व जूनियर कन्या छात्रावास एवं सिरोंजा स्थित जनजातीय महाविद्यालय बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बड़तूमा कन्या छात्रावास में निवास कर रही छात्राओं से संवाद स्थापित कर भोजन, पानी की गुणवत्ता, साफ सफाई एवं सुविधाओं का फीडबैक लिया। छात्रावास की सुविधाओं को लेकर मौजूद वार्डन स्वाति शांडिल्य से विस्तृत जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। बड़तूमा कन्या छात्रावास में व्यवस्थायें संतोषजनक मिली। विधायक ने कन्या छात्रावास में बच्चियों को खेल सामग्री प्रदान करने एवं बीमारियों से सुरक्षा हेतु, स्त्री स्वच्छता जागरूकता को दृष्टिगत रखते हुये सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने की बात की। इसके पश्चात विधायक ने सिरोंजा स्थित जनजाति महाविद्यालय बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण किया, जहां अव्यवस्थायें देखने को मिली। बालक छात्रावास में मीनू अनुसार भोजन वितरण नहीं हो रहा है। साफ सफाई का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। इस पर विधायक ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। मौजूद वार्डन लखन अहिरवार को विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं, रखरखाव और भोजन आदि की स्थिति बेहतर करने को लेकर निर्देशित किया।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन**, कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन- MPHIN/2016/69061** समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।